हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

10 कॉलेज में स्टाइल सेंशन फैशन शो, सांची, मयंक बने विजेता



11 कबड्डी खेल हमें जीवन की जीत हार से लड़ना भी सिखाता है: हर्षा





## धार्मिक स्थली जाने वाली ट्रेनों में जनवरी तक टिकटें हो गई है फुल

# नए साल के जश्न का बदला ट्रेंड, उज्जैन वाराणसी व सिहोर के लिए ज्यादा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्विनसिटी में इस बार नए साल का जश्न का ट्रेंड बदला है। लोग मुंबई, गोवा और दूसरे पयर्टक स्थलों में जाने के बजाय धार्मिक स्थली जाकर नए साल की शुरूआत करना चाहते हैं। हाल यह है कि नए साल पर ज्यादातर लोग महाकाल की नगरी उज्जैन, कुबरेश्वर धाम सिहोर, श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या, ज्योतिर्लिंग और वृदांवन धाम जाने के लिए टिकट बुक करवाए हैं। प्रयागराज कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की स्थिति यह है कि किसी भी लिंकअप ट्रेन में 13 फरवरी तक किसी भी क्लास में टिकट नहीं मिल पा रही है। नो रूम की स्थिति इन ट्रेनों में है।





### महाकाल की नगरी में ट्विनसिटी के लोग

ट्विनसिटी के कई परिवार ऐसे हैं जो अपने नए साल की शुरूआत महाकाल की नगरी से करेंगे। बाबा महाकाल के दर्शन के लिए परिवार सहित जाने के लिए ट्रेन की टिकट बुक करवाई है। जिसकी वजह से उज्जैन जाने वाली ट्रेनों में जगह नहीं है। बिलासपुर -उज्जैन नर्मदा एक्सप्रेस की स्लीपर क्लास में 40 वेटिंग चल रही है। एसी थर्ड में 18 वेटिंग है। इस ट्रेन में नो रूम की स्थिति है।

### बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने मशक्कत

दुर्ग से चलने वाली नवतनवा दुर्ग वाराणसी एक्सप्रेस की पूरी टिकटें बुक हो गई है। यह ट्रेन में कंफर्म बर्थ मिलना बंद हो गई है। स्लीपर क्लास में 12 लोग वेटिंग में हैं। सेकंड व थर्ड एसी में भी जगह नहीं है। सेकंड एसी में 5 और थर्ड एसी में 17 यात्री वेटिंग में हैं।एसी फर्स्ट में भी एक वेटिंग है। इस ट्रेन से लोगों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए अपनी टिकटें बुक करवाई है।

**परिवार व मित्रों के साथ भगवान के दर्शन** : रिसाली निवासी आरएल साहू, सेक्टर 8 निवासी एमएल वर्मा, हाउसिंग बोर्ड निवासी रमेश प्रजापति, मरोदा सेक्टर निवासी सेवकराम , सेक्टर 10 निवासी के एल जैन आदि बताते हैं कि हर साल वे मुंबई, गोवा या अन्य पयर्टक स्थलों पर जाते थे। इस बार अपने परिवार सहित धार्मिक स्थल दर्शन के लिए जा रहे हैं। कई लोग दोस्तों के साथ धार्मिक स्थली पहुंचेंगे।

### महाकुंभ व सिहोर के लिए फरवरी तक बुकिंग

दुर्ग जिले सहित भिलाई-दुर्ग के लोग बड़ी संख्या में महाकुंभ जा रहे हैं। प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित है। हर 12 साल के बाद महाकुंभ आता हैं। इसलिए अभी से लोगों ने इस रूट पर चलने वाली विभिन्न ट्रेनों में टिकटें बुक करवा ली है। इस रूट की किसी भी ट्रेन में फरवरी 16 तक सीटें खाली नहीं है। आने व जाने वाली दोनों तरफ की ट्रेनों में जगह नहीं है। सिहोर कुबरेश्वर धाम में फरवरी में रूद्राक्ष महोत्सव हैं इसलिए ट्रेनों में जगह नहीं मिल पा रही है।

### कोलकात्ता रूट की आधा दर्जन ट्रेनों में वेटिंग

कोलकात्ता रूट की ट्रेनों में लोगों को टिकटें नहीं मिल पा रही है। आजाद हिंद एक्सप्रेस की स्लीपर क्लास में 32 वेटिंग चल रहा है। एसी सेकंड में 5 और थर्ड में 11 लोग वेटिंग में हैं। गीताजंलि एक्सप्रेस की स्लीपर क्लास में 19, एसी थर्ड में 11 और सेकंड में 10 लोग वेटिंग में हैं। ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास की 38 लोग वेटिंग कर रहे हैं। एडीआई हावड़ा एक्सप्रेस की स्लीपर में 18, एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस की स्लीपर क्लास में 40 लोग वेटिंग में हैं। इन सभी ट्रेनों की एसी क्लास भी वेटिंग में चल रही है।

### सारनाथ एक्सप्रेस व गोदिंया बीजेयू में भी जगह नहीं

दुर्ग से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या दर्शन के लिए जाने वाली ट्रेनों में भी टिकटें नहीं मिल पा रही है। सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर क्लास में 45 यात्री वेटिंग में चल रहे हैं। एसी फर्स्ट, एसी सेकंड और एसी थर्ड में भी वेटिंग की नौबत आ गई है। इस रूट पर गोदिंया बीजेयू एक्सप्रेस में भी टिकट नहीं मिल रही है। स्लीपर क्लास में 20 यात्री वेटिंग में हैं।एसी फर्स्ट, एसी सेकंड और एसी थर्ड में भी वेटिंग की नौबत आ गई है।

### मुंबई रूट की ये ट्रेनें भी फुल

सात जनवरी 2025 तक मुंबई रूट की ट्रेनों में भी बर्थ फुल हो गई है। दुर्ग- मुंबई- गीतांजलि एक्सप्रेस की स्लीपर क्लास में जगह नहीं है। 51 लोग वेटिंग में हैं। सेकंड एसी में 24 और थर्ड एसी में 15 लोग वेटिंग में हैं। पुरी एलटीटी एसएफ में स्लीपर क्लास में 36, एसी सेकंड में 13 व थर्ड एसी में 29 यात्री अपने बर्थ कंफर्म होने के इंतजार में हैं। हावड़ा, सीएसएमटी एमपीटीएल के स्लीपर में नो रूम की स्थिति है। एसी थर्ड में 13 और एसी सेकंड में व फर्स्ट में 7-7 वेटिंग हैं। एसएचएम एलटीटी एक्सप्रेस के स्लीपर में 37 और एसी थर्ड में 13 व सेकंड में 6 लोग वेटिंग में हैं।

## खबर संक्षेप

### ओए-बीएसपी की वार्षिक आमसभा 4 जनवरी को

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से ओए-बीएसपी की वार्षिक आमसभा 4 जनवरी को सम्पन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रगति भवन, सिविक सेंटर में आयोजित होने वाली वार्षिक आमसभा में अध्यक्षीय उद्बोधन ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के द्वारा दिया जाएगा। ओए महासचिव परविंदर सिंह के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगी। कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय-व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

### समस्याओं को लेकर निगम का घेराव आज



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में चल रहे कमीशन खोरी और भिलाई नगर निगम क्षेत्र के वार्डों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे निगम और महापौर कार्यालय शहर सरकार का घेराव किया जाएगा। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के संस्थापक व भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह विभिन्न पार्षदों व क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर निगम का घेराव करेंगे। मौके पर ही निगम प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और शहर कमीशन खोरी करने वाली शहर सरकार से सीधे-सीधे सवाल किया जाएगा और जनता के सामने जवाब मांगा जाएगा।

### आटोमेटिक सिंगनलिंग कार्य, ट्रेनें आज रहेगी रद्द

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर–दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य 29 दिसंबर तक चलेगा। जिसकी वजह से कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। गाड़ी संख्या 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से, गाड़ी संख्या 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से, गाड़ी संख्या 08704 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से, गाड़ी संख्या 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी संख्या 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल और गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर 29 दिसंबर को रद्द रहेगी।) गाड़ी संख्या 08816 अंतागढ़-रायपुर डेमू पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी दुर्ग- रायपुर के मध्य रद्द रहेगी । गाड़ी संख्या 08815 रायपुर-अंतागढ़ डेमू पैसेंजर 29 दिसंबर को दुर्ग से रवाना की जाएगी यह गाड़ी रायपुर-दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08527 रायपुर-विशाखा पट्नम पैसेंजर 29 दिसंबर को महासमुंद से रवाना होगी।

## घटना उतई थाना क्षेत्र का

# दस हजार का ईनामी पशु तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मवेशियों तस्करी मामले में पुलिस ने दस हजार रुपए का मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि ग्राम डूमरडीह उतई निवासी कैलाश बाई ने 25 मई को शिकायत किया था कि उनके यहां से 10 भैंस, 6 पड़िया और 2 पड़वा कुल 18 नग मवेशियों की चोरी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पाटन के ग्राम फुण्डा में संजय गिरी के फार्म हाउस में बड़ी संख्या में मवेशी को ट्रक में लोड कर कत्ल खाने तस्करी जाने की जानकारी मिली थी। पाटन पुलिस ने दबिश देकर 43 नग भैंस, भैंसा, पड़वा को वाहन व चालक इस्तगार अहमद के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। जिसकी जांच करने पर पुलिस ने ग्राम डुमरडीह से चोरी हुए मवेशी भी शामिल है। तस्करी में बाबापारा उतई निवासी संजय गिरी गोस्वामी उसका भाई छन्नु गिरी गोस्वामी समेत आरोपी शामिल थे। पूर्व में संजय गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी छन्नु गिरी घटना के बास से फरार चल रहा रहा था। फरार आरोपियों पर एसपी ने 10 हजार नगद राशि के ईनाम की घोषणा की थी। ईनामी फरार पशु तस्कर छन्नु गिरी गोस्वामी अपने घर पर छिपा हुआ है। उसे तुरंत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू, समेत इनकी टीम का योगदान रहा है।

- 18 मवेशियों की चोरी की थी शिकायत

# चरोदा में चाइनीज मांझे के खिलाफ 22 पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- जुर्माना भी ठोका, आगे भी चलेगी कार्रवाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में चानिीज मांझा का कारोबार करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई किया गया है। मांझा को जब्त कर उन पर अर्थदंड लगाया। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर भिलाई चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में मंजा बेचने वालो के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। भिलाई तीन, चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने के लिए मांजा का उपयोग किया जा रहा है। मांझा काफी तेज रहता है। जिले में मांजा के कारण कई लोग चपेट में आ चुके है। भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में एक युवक की मौत तक हो चुकी है। निगम स्वास्थ्य विभाग ने फैंसी और जनरल समान विक्रेताओं के यहां सघन चेकिंग की गई। मौके से 24 नग प्रतिबंधित मांझा जब्त कर 2800 रु अर्थदड वसूला गया। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, रायटर चंद्रिका प्रसाद साहू, सफाई सुपरवाईजर रवि कुमार वर्मा ,सफाई सुपरवाईजर अरुण कुंजाम समेत पूरी टीम ने 22 दुकान की चेकिंग की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बीएलसी (मोर जमीन-मोर मकान) योजना के तहत शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार प्राप्त आवेदनों का आनलाईन एन्ट्री प्रधानमंत्री आवास योजना के वेब यनिफाइड पोर्टल में किया जाना है। आनलाईन एन्ट्री में आवेदक के मोबाइल में ओटीपी आता है।

आनलाईन एन्ट्री की प्रक्रिया निगम कार्यालय-अनुबंधित वास्तुविद के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी आनलाईन एन्ट्री करने वाले निगम के कर्मचारी को ही देवे। जो आपके घर में आकर फार्म भरवारा है आप उसको जानते हैं उसी को देना है। किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को ना देवें। जिससे वह गोपनीय जानकारी का दुरूपयोग न कर सकें, किसी अन्य व्यक्ति को ओटीपी साझा करने से आप फ्राड के शिकार हो सकते है। ननिभि के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा बार-बार सूचना दी जा रही है।

# बिहार गए परिवार के घर से 90 लाख की चोरी

## स्मृति नगर पुलिस चौकी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

परिवार समेत बिहार गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक विवेकानंद नगर कोहका सड़क 5 निवासी अरविंद सिंह परिवार समेत 22 दिसंबर को बिहार ससुराल गए हुए थे। मकान पर फिश एक्वेरियम है और रोज नौकरानी मछलियों को दाना खिलाने आती है।

मकान में लगा सीसी कैमरों को अरविंद सिंह रोज बिहार से चेक भी करता था। चेक के दौरान 26 दिसंबर को मकान के बाहर लाइट बंद दिखने पर अरविंद सिंह ने सोचा कि नौकरानी ने बंद कर दिया होगा। दूसरे दिन 27 दिसंबर को कैमरा ही बंद हो गया। संदेह होने पर अरविंद सिंह ने अपनी नौकरानी को देखने कहा। 28 दिसंबर शनिवार को जब नौकरानी मकान में पहुंची तो ताला टूटा पड़ा मिला। इसके बाद इसकी जानकारी अरविंद सिंह को दी गई। अरविंद ने अपने पड़ोसियों को ताला टूटने की जानकारी बताई। घटना की सूचना पुलिस मौके पर पहुंचे और चेक किया। पीड़ित परिवार भी घटना की जानकारी लगने पर रविवार को भिलाई लौट आए। मकान मालिक की उपस्थिति में पुलिस डॉग स्कॉड की टीम भी पहुंची थी। मकान मालिक अरविंद सिंह के मुताबिक आलमारी से 700 से 800 ग्राम सोना और चांदी के जेवर भी गायब हैं। अलमारी में रखे 70 हजार नगदी भी नहीं मिला। मकान मालिक के द्वारा मकान से करीब 90 लाख की चोरी होना बताया है। लेकिन पुलिस इस चोरी को 10 लाख रुपए आंक रहा है।



- कैमरा का डीबीआर तक लेकर हुए फरार
- बाउंड्रीवाल कूदकर आए थे चोर

### सीसी कैमरों का फूटेज खंगाला जा रहा

मकान में लगे सीसी कैमरे का डीबीआर तक चोर लेकर फरार हो गए है। अब पुलिस मकान के आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस को इस बड़ी चोरी में अब तक कोई अहम सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। मौके पर एसीसीयू की टीम भी पहुंची थी। मकान का बाउंड्रीवाल इतना ऊंचा होने के बाद भी चोरों ने घटना को कैसे अंजाम दिया होगा? फिलहाल पुलिस चोरी को लेकर आसपास के कुछ पुराने चोरों पर भी पैनी नजर रखी हुई है।

### जांच की जा रही

मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार हो गए है। जिसकी कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है।मौके पर पहुंच कर पुलिस ने बारिकी से चेक किया है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। परिवार के लोग ताला जड़कर बाहर गए हुए थे।

-गुरविंदर संधु, प्रभारी स्मृति नगर चौकी

## पश्चिमी विक्षोभ का असर पड़ने लगा सेहत पर

# शुष्क मौसम से बढ़ रहा वायरल का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

इन दिनों मौसम के उतार-चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर भी पड़ने लगा है। लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायतें ज्यादा आ रही है। मौसम शुष्क होने की वजह से लोग वायरल बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। परिवार में यदि एक व्यक्ति बीमार हो रहा है तो वह दूसरे को भी संक्रमित हो रहे हैं। जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में इस बीमारी के मरीज इन दिनों बढ़ गए हैं।



### पश्चिमी विक्षोभ का असर हुआ कम

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन होने की सम्भावना है ।जिसके कारण नमी की मात्रा में कमी होने की सम्भावना है । 30 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो सकती है।

### क्लीनिकों में मरीजों की भीड़

सर्द-गर्म मौसम की वजह से बीमारी का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पताल सुपेला और शहर के निजी क्लीनिकों में वायरल के मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में आमतौर पर सामान्य दिनों में 300 मरीज पहुंचते हैं। इन दिनों मरीजों की संख्या 400 तक पहुंच गई है। सिविल अस्पताल सुपेला में रोजाना 250 मरीज पहुंच रहे थे लेकिन इन दिनों यह संख्या बढ़कर 350 तक पहुंच गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी वायरल के मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत है। जबकि अन्य बीमारी से पीड़ित लोग 60 प्रतिशत आ रहे हैं। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी वायरल के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं।

### दो जनवरी से तापमान में बड़ी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक 2 जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट संभावित है । उत्तर छत्तीसगढ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है । रविवार को ट्विनसिटी में अलसुबह हल्के बादल आसमान पर छाए रहे। उसके बाद सूर्यदेव के दर्शन भी हुए। पूरे दिन गर्मी की स्थिति बनी रही। रात को भी तापमान अधिक रहने लगा है। जिसकी वजह से ठंड गायब सी हो गई है।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने ई रिक्शा चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ई रिक्शा चालको की बैठक दुर्ग जोन में हुई। इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक सतानंद विंध्यराज ने बताया कि ई रिक्शा चालको की मीटिंग लेकर समझाइश दी गई है. ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित बनाये रखने के लिए नियम कायदे का पालन करना जरुरी है। दिगर जिले से कोई व्यक्ति बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन पहुंचता है। वह सर्वप्रथम अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए सहयोग लेना होता है। लोगो से मधुर व्यवहार व निर्धारित शुल्क वसूल करते हो तो पार्किंग में ही वाहनों को खडा करे। शहर के 250 ई रिक्शा चालको को व्यक्तिगत छवि के साथ साथ ट्रैफिक नियमों जैसे बिना वर्दी वाहन न चलाना, शराब, किसी भी नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाए। नाबालिक को वाहन चलाने न देना, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाए। वाहनो के दस्तावेज दुरूस्त रखना, अनिवार्य है। किसी चौक पर सवारी उतारने चढाने का कार्य न करना, चौक के पहले या बाद में सवारी को उतारना, तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाए। जोन दुर्ग प्रभारी यश करण ध्रुव समेत ट्रैफिक जवान मौजूद थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# ग्रामीण इलाकों में हो रही लकड़ी की अंधाधुंध कटाई-परिवहन, मिलों में खप रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

वन विभाग का महकमा सिर्फ दफ्तर में बैठकर मॉनिटरिंग कर रहे है, जिसका फायदा उठाकर इन दिनों अवैध तस्कर जिले के गांव में सक्रीय हो गए हैं। दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामो से प्रतिबंधित अर्जुन (कौहा) व अन्य लकड़ी की अवैध कटाई कर आसपास के अरामिलो में परिवहन किया जा रहा है। महकमें के साठगांठ के चलते बड़ी संख्या में लकड़ी से भरी ट्रके आरा मिलो तक पहुंच रही है। नाको में भी इसकी जांच नहीं हो रही है।

लकड़ी माफिया द्वारा मोटी कमाई के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लगे पेड़ो को बेतहासा काटे जा रहे है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाए जा रहे है, वहीं शासन प्रशासन इसे रोकने पर पूरी तरह विफल नजर आ रही है। लकड़ी माफिया रातों रात बड़ी बड़ी गाड़ियों में भर कर सुबह सुबह उतई क्षेत्र के आस पास के अरामिलो में खपा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर शासन प्रशासन द्वारा जगह-जगह पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते थकते नही और लोगो को पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के नारे लगवाते है। जिससे लोगों में जागरूकता हो सके। लेकिन यही शासन-प्रशासन भूल जाते हैं कि, पौधों को पेड़ बनने में कई साल लग जाते हैं। जिन्हें लकड़ी माफिया द्वारा एक ही झटके में काट कर ले जाते हैं। जानकारी अनुसार आधी रात को कौवे लकड़ी के लट्ठे भरकर आरा मिलो तक ठिकाना लगाया जा रहे हैं।

## जिले के पाटन ब्लॉक क़े इलाकों में सक्रिय है तस्कर, आरा मिलो में पहुंच रहे लकड़ी के गोले

### दलालों के जरिए तस्करी को दे रहे हैं अंजाम

सूत्रों ने बताया कि इस पूरी तस्करी में कई दलाल भी सक्रीय हैं। प्रतिबंधित लकड़ी की कटाई के लिए दलालों द्वारा किसानों को लालच देकर सौदे किए जा रहे हैं, सौदा पटने के बाद दलालों के जरिए ही लकड़ी को आरा मिलो तक पहुंचा जा रहा है। इस तरह के दलाल दुर्ग जिले के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में गिरोह का रूप लेने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, क्षेत्रों से लकड़ी माफियाओं द्वारा खेतों पर प्रतिबंधित अर्जुन के पेड़ों को कम दामों में खरीदकर रातों-रात काटकर सुबह-सुबह आसपास के ग्रामीणों में अवैध रूप से परिवहन कर दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है, कि भारी वाहन से ज्यादातर सुबह-सुबह ग्रामीण क्षेत्र के रोड पर देख सकते हैं। इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती।





### क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी...

**करते है चेकिंग**

समय-समय पर चेकिंग कराई जाती हैं। यदि कोई अवैध परिवहन करते पाया जाएगा तो वैधानिक कार्यवाही किया जाएगा। **-विपिन रंगारी,** टी.आई.उतई थाना

**कराई जाएगी जांच**

अगर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई हो रही है। तो तहसीलदार के माध्यम से जांच करके कारवाही की जाएगी। **-हरवंश मिरी,** एसडीएम, दुर्ग

**कल बता पाऊंगा**

इस विषय पर जानकारी लेने के बाद कल ही कुछ बोल पाऊँगा। अवैध लकड़ी कटाई पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-चंद्रशेखर शंकर परदेसी,** डीएफओ, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### पांच दिवसीय विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर संपन्न

**दुर्ग।** संत आशारामजी बापू आश्रम नंदिनी नगर अहिवारा श्री योग वेदांत सेवा समिति व बाल संस्कार द्वारा पांच दिवसीय विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर व तुलसी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान शिक्षक बच्चों को भगवान नाम महिमा, दिनचर्या, योगासन, प्राणायाम, प्रेरक प्रसंग, शरीर स्वस्थ रखने व स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय बताए। भारतीय संस्कृति में तुलसी की महिमा बताई गई है। तुलसी सेवन से 800 प्रकार की बीमारी दूर हो जाती है तुलसी को एक लोटा जल चढ़ाने से सवा मासा स्वर्ण दान करने का पुण्य मिलता है। यह जानकारी युवा सेवा संघ से धर्मेंद्र कुमार द्वारा प्राप्त हुआ।

### तीन कार्यों के लिए 15.69 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 3 कार्यों के लिए 15 लाख 69 हजार 390 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी।

## नगर निकाय चुनाव : अध्यक्ष कर सकेंगे दस लाख तक चुनावी खर्च

# दुर्ग की जनसंख्या 3 लाख से कम महापौर खर्च कर सकेंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 2011 की जनसंख्या के अनुसार मेयर और अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के लिए खर्च की लिमिट निर्धारित की गई है। ऐसे में दुर्ग नगरनिगम के महापौर प्रत्याशी सिर्फ 15 लाख तक की राशि खर्च कर सकेंगे। जबकि पिछले 2014 की विधानसभा में यह लिमिट सिर्फ 7 लाख की थी, जिसे इस चुनाव में आए उन्हें डबल कर दिया है। वही अध्यक्ष पद के लिए 8 से 10 लाख रुपए तक लिमिट निर्धारित की गई है। दुर्ग नगर निगम में 2011 की जनगणना अनुसार 268806 की जनसंख्या रही है।

उल्लेखनीय है कि, आगामी दिनों डायरेक्ट होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए महापौर पन्द्रह से पच्चीस लाख रूपए चुनाव में खर्च कर सकेगें, वही अध्यक्षों के लिए आठ से दस लाख रूपए का लिमिट राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दिया गया है। दोनो पदों के लिए जनसंख्या के आधार पर चुनाव खर्च का निर्धारण किया गया हैं। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के दौरान महापौर अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिये निर्वाचन व्यय की अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में चौबीस दिसंबर को प्रकाशित कराई गई है। यह व्यय सीमा 2011 की जनगणना जनसंख्या अनुसार तय की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम पांच लाख से अधिक की जनसंख्या पर 25 लाख रुपये, तीन लाख से पांच लाख तक 20 लाख रुपये तथा तीन लाख से कम 15 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद में 50 हजार या उससे ऊपर 10 लाख रुपये और 50 हजार से कम 8 लाख रुपये तथा नगर पंचायत के लिए 6 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित की गई हैं।

### नगरीय निकाय चुनाव प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च की लिमिट निर्धारित

**खास बातें**

- वर्ष 2019 में पार्षदों ने चुना था मेयर प्रत्याशी
- 2014 में हुए थे डायरेक्ट चुनाव, उस समय मेयर के लिए 7 लाख खर्च का था लिमिट
- मेयर एक व्यक्ति के पीछे खर्च कर सकेंगे 5 रूपये 58 पैसे की राशि




### वर्ष 2014 के बाद दोगुना बढ़ी खर्च की राशि

पिछले निकाय के चुनाव में मेयर का चयन पार्षदों द्वारा किया गया था। लेकिन इससे पहले वर्ष 2014 में आयोग ने माहापौर के लिए तीन लाख से कम आबादी के लिए सात लाख निर्धारित किए थे, वही तीन से पांच लाख की जनसंख्या के लिए आठ लाख निर्धारित था। लेकिन इस बार इसे बढाकर पन्द्रह लाख कर दिया गया हैं। दुर्ग नगरनिगम के आबादी 2011 के अनुसार दो लाख 68806 है। जिसके अनुसार दुर्ग महापौर के लिए पन्द्रह लाख सीमा निर्धारित हैं। वही वर्ष 2014 में परिषद के अध्यक्ष के लिए पचास हजार से अधिक की जनसंख्या के लिए पांच लाख और पचास हजार से कम की स्थिति में चार लाख निर्धारित था। इसे बढाकर आठ और दस लाख रूपए कर दिया गया है। वही नगर पंचायत के अध्यक्ष का तीन से बढाकर इस बार छः लाख कर दिया गया है।

### बैलेट पेपर से होंगे निगम के चुनाव

आगामी दिनों होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर अब तक विधि और निर्देश जारी नहीं किया गया है। हालांकि मीडिया से रूबरू होने के दौरान पूछे गए सवाल में नगरी प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की जानकारी दी है। इधर मेयर पद के आरक्षण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। आगामी 7 जनवरी को मेयर पद के लिए आरक्षण रायपुर में किया जाएगा। इससे पहले मेयर का आरक्षण 27 दिसंबर को तय की गई थी, जिसे बदल दिया गया था। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आरक्षण के बाद मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके लिए आगामी 31 दिसंबर को मतदाता सूची के लिए प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, वहीं 15 दिसंबर को अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# बीज निगम ने किसानों से खरीदा 51 फीसदी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- कार्यक्रम में 499 कृषकों ने कराया है पंजीयन

बीज निगम द्वारा जिले के किसानों से अब तक 51 फ़ीसदी बीज के लिए धान की खरीदी कर ली गई है। बीज निगम द्वारा विगत 30 दिसंबर से धान की खरीदी शुरू की गई है, जिसकी खरीदी आगामी 15 जनवरी तक होगी। अब तक पंजीकृत 243 किसानों ने 30599.82 क्विंटल बीज बेच चुके हैं। बीज उत्पादक किसानों के भुगतान के लिए 4.61 करोड़ रूपये जारी किए गए है, बीज प्रक्रिया केन्द्र रूआबांधा दुर्ग के द्वारा खरीफ 2024 के लिए 499 कृषकों के 1113.320 हेक्टेयर रकबे में बीज उत्पादन कार्यक्रम लिए पंजीयन कराया गया है। उक्त पंजीयन के अनुरूप कुल 60 हजार क्विंटल बीज उपार्जन का अनुमान है। इसके विरूद्ध दिनांक अब तक की स्थिति में 243 कृषकों से 30599.82 क्विंटल कच्चा धान बीज का उपार्जन कार्य किया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 51 प्रतिशत है। शेष कृषकों से कृषि विभाग एवं बीज निगम द्वारा निरंतर संपर्क किया जाकर उपार्जन हेतु कृषकों को सूचित किया जा रहा है। उपार्जन कार्य निरंतर जारी है। वही 23. दिसंबर तक 203 कृषकों से उपार्जित धान बीज मात्रा 25013 क्विटल के भुगतान हेतु बीज निगम मुख्यालय रायपुर से राशि रू. 4.61 करोड़ जारी हो चुकी है तथा अभी तक 104 कृषकों को 2.52 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष राशि रू. 2.09 करोड़ के शीघ्र भुगतान की कार्यवाही जारी है।

### स्पेशल एजुकेटर एवं स्पीच थैरेपिस्ट के लिए आवेदन 31 तक

**दुर्ग।** प्रबंध संचालक राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा समग्र शिक्षा के तहत स्पेशल एजुकेटर के (31 मार्च 2025 तक) के पद पूर्ति हेतु एवं स्पीच थैरेपिस्ट के पदाकंन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। इस कार्य में स्पेशल एजुकेटर (शा.प्रा.शा पीएमश्री बानबरद हेतु) एवं स्पीच थैरेपिस्ट (दुर्ग जिले के समस्त विकासखंड हेतु) का मानदेय 20000 रूपए प्रतिमाह प्रदाय किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक अपना आवेदन स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग में 31 दिसम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।

# कॉलेज में स्टाइल सेंशन फैशन शो, सांची, मयंक बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



### ये रहे विजेता

सांची चौहान, मयंक राजपूत विजेता रहे। आकांक्षा स्वर्णकार प्रथम रनर अप, प्रतिभा भार्गव सेकंड रनर अप रही। अंकित देशमुख प्रथम रनर अप, आकाश यादव द्वितीय रनर अप रहे।

- तीन राउंड में आयोजित की गई प्रतियोगिता

सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्टाइल सेंसेशन फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा में अपने आप को सरलता और उच्चतम तरीके से प्रस्तुत करना था। जिसमें 50 से 60 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता तीन राउंड में आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न परिधानों में विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास को अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक श्रीमती जूही व्यास एमआरएस इंडिया वर्ल्ड 2022-23 एवं डॉ गुंजा पिंच मिस छत्तीसगढ़ 2022 उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद तिवारी, शशि निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, वीरेंद्र शुक्ला सचिव, दिलीप इंगले एवं निर्णायक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपर्युक्त प्रतियोगिता में सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के छात्र प्राध्यापक एवं रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय के छात्र प्राध्यापकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम प्राध्यापिका डॉ दुर्गा शुक्ला एवं पवनदीप कौर के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने कार्यक्रम की सराहना की। मंच संचालन सुष्मिता शर्मा एवं नेहा हीराकर करने किया।

# निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट का विधायक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रविशंकर स्टेडियम में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। मॉर्निंग विजिट में स्टेडियम पहुंचे विधायक ने खिलाड़ियों के साथ कोर्ट निर्माण के सभी कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारी और इंजिनियर ने बताया कि 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। कोर्ट हिस्से की छत ढल गया है। स्लैब व दीवार खड़े करने पूरा हो गया है। शेष बचे हुए कार्य तीव्र गति से चल रहा है फरवरी के आखिरी तक कार्य पूर्ण हो जायेगा। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदान बनाने शासन से स्वीकृति दिलाये है। खेल को बढ़ावा देने उरला में भी एक स्टेडियम बनेगा। रविशंकर स्टेडियम के पास डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 13500 स्क्वायर फीट पर बन रहे इंडोर परिसर में एक साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट रहेगा। दर्शक दीर्घा में 50 लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया होगा। वुडन फ्लोर के साथ एलईडी लाइटस होंगी जिससे सुबह व रात में भी बैडमिंटन खेल सकेंगे। निरीक्षण के दौरान साजन जोसफ, विनय गुप्ता, सोनू हजारे, किशोर अहिरवार, करण साहू, तपन मलिक, द्रोण ताम्रकार, भोला महोबिया और सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# जिला रेडक्रास सोसायटी का किया गया निर्वाचन, डॉ. पाटनकर बनें चेयरमैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- समिति के सदस्यों की प्रथम बैठक हुई

इंडियन रेडक्रास सोसायटी राज्य ईकाई के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं अध्यक्षए जिला रेडक्रास सोसायटीए दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी, उत्तम कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ आरके खण्डेलवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिवानंद मिश्रा, पर्यवेक्षक राज्य शाखा रायपुर एवं कुबेर देशमुख पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग के सभागार में जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जिसमें हेमंत देवांगन, गणेश कुमार ताम्रकार, दीपक बंसल, जीवन लाल ताम्रकार, ओमप्रकाश वर्मा, श्रीमती भूमिका अमृत, सुशील असाटी, राजकुमार तिवारी, युवराज देशमुख, डॉ राहुल गुलाटी, अरविन्द सुराना, विजय कुमार ताम्रकार, अशोक कुमार देशमुख, डॉ मानसी गुलाटी, राज अढ़तिया, जगजीत सिंह धीर, अजय नारायण, अजय वर्मा, डॉ संतोष कुमार सार, प्रमोद कुमार वाघ, नरेश कुमार दहिया, राजेश कुमार अग्रवाल, डॉ शरद पाटनकर, डॉ एमके हिशीकर निर्वाचित हुये। निर्वाचन उपरांत समिति के सदस्यों की प्रथम बैठक आहूत की गई। जिसमें डॉ शरद पाटनकर चेयरमेन, डॉ राहुल गुलाटी वाईस चेयरमेन, प्रमोद कुमार वाघ कोषाध्यक्ष, युवराज देशमुख राज्य ईकाई हेतु जिला प्रतिनिधि मनोनित किये गये।

### आदर्श कृष्ण ने की जन समर्पण सेवा संस्था के कार्यों की प्रशंसा



**दुर्ग।** दुर्ग शहर की पावन भूमि में पहली बार सिद्धेश्वर धाम सतना के गुरु पंडित आदर्श कृष्ण शास्त्री ने दुर्ग शहर में विगत 8 वर्षों से की जा रही मानव सेवा एवं गौ सेवा के कार्य करने वाली जन समर्पण सेवा सँस्था के सेवा कार्य मे दुर्ग रेल्वे स्टेशन में उपस्थित होकर अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन एवं जरूरत की सामग्री वितरण करके मानव सेवा का कार्य किये।

## रतन मुनि की स्मृति दिवस पर पुराना बस स्टैंड में भंडारे का आयोजन

# चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- श्रीकृष्ण गौशाला में की गई गौमाता की सेवा



छत्तीसगढ़ में भगवान के रूप में पूजे जाने वाले महान संत गुरुदेव रतन मुनि महाराज का द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस सेवा, अनुष्ठान, भक्ति एवं गुणानुवाद के साथ दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में आध्यात्मिक वातावरण में मनाया जा रहा है। दुर्ग में साध्वी डॉ विजय श्री जी आर्या के सानिध्य में यह आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में 29 दिसंबर को श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केन्द्र मोहलाई में गोमाता की सेवा भक्ति करने श्रमण संघ स्वध्याय मंडल के सदस्य उपस्थित हुए। रात 8.30 से 9.30 बजे तक एक शाम गुरु के नाम के साथ नवकार महामंत्र का जप अनुष्ठान किया गया।

इसी कड़ी में माता जमुना देवी निर्मल बाफना के सहयोग से पुराना बस स्टैंड दुर्ग में रतन प्रसादम भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 4000 से अधिक श्रद्धालुओं ने गौतम प्रसादी ग्रहण की। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल दुर्ग एवं छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ के सदस्यों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, श्रमण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा, प्रवीण श्री श्रीमाल, सतीश सुराणा, सुरेश लूनिया, टीकम छाजेड़, रमेश बाधमार, संदीप सुराणा उपस्थित रहे। महाभडारे का आयोजन सुबह 11 से दोपहर 2.30 बजे तक प्रसादी ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। भंडारे के कार्यक्रम को सफल बनाने में पदम छाजेड़, प्रकाश कांकरिया, नितिन संचेती, सुरेश चोपड़ा, नितेश चौरडिया, पंकज बेगानी, सौरभ रतन बोहरा, सचिन बेद्य, सौरभ बना, आशीष रतन बोहरा, योगेश पारख, आदित्य ओस्तवाल, शुभम रतन बोहरा, निमेश सुराणा, अशोक रतन बोहरा, टीकम छाजेड़, जे अरिहंत संचेती आदि ने अंतिम समय तक प्रसादी का वितरण किया

### 31 को गुणगान गुणन वास

31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से गुरुदेव का गुणगान गुणन वास सभा के रूप में तथा गुरु भक्ति का आयोजन बाफना परिवार के सहयोग से खैरागढ़ के भजन गायक संभव लुनिया की भक्ति संगीत के साथ गुरुदेव रतन मुनि महाराज का द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा भाव के साथ गुरु रतन धाम मंगलम में मनाया जा रहा है।

# राजीव नगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को देश की जनता से किए जाने वाली मन की बात कार्यक्रम के तहत इस साल के अंतिम रविवार को कार्यक्रम के 117वे संस्करण पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजीव नगर वार्ड के बूथ नंबर 100 में मन की बात पूर्व सभापति दिनेश देवांगन की उपस्थिति में सुनी। जहां पीएम मोदी द्वारा अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के बस्तर में हाल ही में हुए बस्तर ओलंपिक का विशेष रूप जिक्र करने तथा बस्तर की संस्कृति का उल्लेख करने पर इसे प्रदेश के लिए गर्व व हर्ष का विषय बताते हुए आभार प्रकट किया गया। भाजपा कार्यकर्ता विकास ताम्रकार निवास में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा बुथ अध्यक्ष मंजूषा तिवारी विकास ताम्रकार, छगन लाल साहू, राधा चंद्राकर, चंचल तिवारी, सुनीता देवांगन, मंजू चंद्राकर, संजीता ताम्रकार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे

# निकुम की पावनधरा में वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्ग जिले के जय शक्ति आश्रम निकुम की पावनधरा में नए साल की शुरूआत एक वृहद धार्मिक अनुष्ठान व महायज्ञ से होने जा रही है। एक जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। महायज्ञ की वेदी तैयार हो गई है। इस वेदी में यजमान आहूति देंगे। राजसूय महायज्ञ आश्रम के संत श्रीमाता जी के द्वारा संपन्न करवाया जाएगा। तीर्थदेवी निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस राजसूय महायज्ञ में नव वर्ष पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी रहेगी। संत श्री माता जी ने इस महायज्ञ की सफलता के लिए सालों से अपने तप -बल और अनेकों यज्ञ किए हैं। तब कहीं जाकर यहां की धरा पवित्र हुई है और ऐसे आयोजन हो रहे हैं।

## जय शक्ति आश्रम निकुम में एक जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक चलेगा यह महायज्ञ

### सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाहुति

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की तैयारी में सैकड़ों लोग जुटे हुए हैं। आयोजनकर्ता आश्रम के संत श्री माता जी ने राजसूय महायज्ञ आयोजन की जिम्मेदारी भी अलग-अलग सौंप दी है। महायज्ञ स्थल पर अनुष्ठान के सारे प्रबंध कर लिए गए हैं। एक जनवरी से 26 जनवरी तक सुबह 11 बजे से यज्ञाहुति प्रारंभ होगी जो दोपहर 1 बजे तक चलेगी। इस महायज्ञ में यजमान व उनके परिवार वालों के अलावा श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में भागीदारी देंगे।

### विशेष संकट निवारण भी

जय शक्ति आश्रम निकुम के संत व वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्री माताजी बताते हैं कि विशेष आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए, विशेष संकट निवारण के लिए और विशेष शक्तियां अर्जित करने के लिए विशिष्ट विधि-विधान भी भिन्न-भिन्न हैं। यज्ञ भगवान विष्णु का ही अपना स्वरूप है। इसे भुवन का नाभिकेंद्र कहा गया है। याज्ञिकों के लिए आहार-विहार और गुणकर्म को ढालने को शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है। इसकी सुगंध समाज को सुसंगठित कर एक क्योंकि यज्ञ करने वाले अपने आप में दिव्यात्मा होते हैं।

### मनोकामनाएं होती है सिद्ध

जय शक्ति आश्रम निकुम के संत व वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्री माताजी कहते हैं कि यज्ञ मनोकामनाओं को सिद्ध करने वाला होता है। विशेष आकांक्षाओं की निवारण के लिए और विशेष शक्तियां अर्जित करने के लिए विशिष्ट विधि-विधान भी का ही अपना स्वरूप है। इसे भुवन का नाभिकेंद्र कहा गया है। यज्ञ से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। यह इंसान क सामीप्य की अनुभूति कराता है। मनुष्य में दूसरे की पीड़ा को समझने की समझ होने लगे तो समझें यज्ञ सफल है।

### 26 को अनुराग धारा

राजसूय महायज्ञ के विराम के बाद 26 जनवरी 2025 रविवार को अनुराग धारा राजनांदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।



प्रख्यात लोक कलाकार कविता वासनिक की टीम यह कार्यक्रम पेश करेगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक कला से जुड़े नृत्य, करमा, ददरिया, की प्रस्तुति दी जाएगी।

### मानव जीवन को सफल बनाने की आधारशिला: संत श्रीमाता जी



जय शक्ति आश्रम निकुम के संत व वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्री माताजी बताते हैं कि यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है। यह विशुद्ध रूप से एक आध्यात्मिक प्रक्रिया हैं। यज्ञ को शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है। इसकी सुगंध समाज को सुसंगठित कर एक सुव्यवस्था देती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यज्ञ करने वाले अपने आप में दिव्यात्मा होते हैं। यज्ञों के माध्यम से अनेक ऋद्धियां सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। यज्ञ मनोकामनाओं को सिद्ध करने वाला होता है। क्रमशः

## खबर संक्षेप



### मंडई मिलन समारोह में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष

**पाटन।** ग्राम निपानी में भव्य मंडई मिलन समारोह स्थानीय ग्राम विकास समिति द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों से रिश्तेदार, मित्रजन, परिवार जन शामिल हुए। ग्रामवासियों के सहयोग से रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ नाच भोलाशंकर करमतरा की भव्य प्रस्तुति ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए प्रायोजित किया गया।
मंडाई मिलन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,भोज रघुवंशी सेक्टर प्रभारी, भविष्य जैन, चंद्रहास साहू पूर्व सरपंच, लक्ष्मीनारायण गंजीर, सीता सिन्हा सरपंच ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से मंडई मिलन की बधाई दिए।

### विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**अंडा।** पुलगांव में लगभग 50 लाख की लागत से विकास कार्य का भूमि पूजन विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा किया गया। भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि किसानों की खेती किसी की जानकारी प्रशिक्षण देने के लिए 20 लाख की लागत से किसान भवन का निर्माण 20 लाख सीमेंट की कारण सड़क का निर्माण कार्य एवं 8 लाख की लागत से तालाब किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य शामिल है कि मुख्य मार्ग से जुड़े इस वार्ड में सुविधाओं के विस्तार में इसे एक विकसित वार्ड बनाने की दिशा में विधायक के द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दुबे ने बतलाया कि वार्ड में मुक्तिधाम की बहुत पुरानी मांग थी व्यवस्थित मुक्तिधाम नहीं होने की वजह से वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था इस मांग को लेकर वार्डवासी कई जगह नेता मंत्रियों के कार्यालय के चक्कर लगा चुके थे वार्ड वासियों ने गजेंद्र यादव के पास अपनी इस समस्या से अवगत कराया उन्होंने तुरंत स्वीकृत प्रदान की अभी वर्तमान में मुक्तिधाम के कार्य प्रगति पर है। भूमि पूजन के लिए पहुचे विधायक का वार्डवासियों ने आतिशबाजी कर स्वागत किया गया।

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील बोरी प.ह.न. - 00004 बोरीबुजर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425430209300002

तहसील बोरी के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम बोरीबुजर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी मोहन लाल पिता/पति हीरासिंह पता-बोरी महेश कुमार पिता/पति हीरासिंह पता बोरी, गेंदलाल पिता/पति हीरासिंह पता-बोरी, हरीश पिता/पति रामसिंह पता-बोरी, मुकेश कुमार पिता/पति-रामसिंह पता-बोरी मेघराज पिता/पति- चम्पालाल पता-बोरी, ललिता पिता/पति-चम्पालाल पता-बोरी, अविनाश पिता/पति-चम्पालाल पता-बोरी मालती पिता/पति - रामसिंह पता-बोरी जानकीबाई पिता/पति हीरासिंह पता-बोरी नेमबती पिता/पति चम्पालाल पता-बोरी दुलारी बाई पिता/पति हीरासिंह पता बोरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 142 (0.0400), 368 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मेघराज पिता/पति चम्पालाल पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, मोहन लाल पिता/पति हीरासिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, नारायण कुमार देवांगन पिता/पति अविनाश पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग गेंदलाल पिता/पति हीरासिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, अनिता बाई देवांगन पिता/पति अविनाश पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग मुकेश कुमार पिता/पति- रामसिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, चंदर देवांगन पिता/पति-अविनाश पता-ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, जानकीबाई पिता/पति-हीरासिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, ललिता पिता/पति-चम्पालाल पता-ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, मालती पिता/पति - रामसिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, महेश कुमार पिता/पति हीरासिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग नेमबती पिता/पति-चम्पालाल पता-ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, दुलारी बाई पिता/पति- रामसिंह पता ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, वेदिका देवांगन पिता/पति अविनाश पता-ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, हरीश पिता/पति रामसिंह पता- ग्राम बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार: RAVI VISHWAKARMA
बोरी, तहसील-बोरी, जि.-दुर्ग (छ.ग.)

## सुरपा और भंसुली में गुरु घासीदास की मनाई जयंती

# बाबा घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

ग्राम सुरपा में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाया गया। जय स्तंभ पर समाज की ओर से शंकर राव नारंग के द्वारा पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के साथ शिक्षक राजेंद्र मारकंडे, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मध्य मंडल निवर्तमान अध्यक्ष खेमलाल साहू, रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू, ग्राम पंचायत सुरपा सरपंच रेखा साव, पूर्व सरपंच डॉ. सरोज साव, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन सहित सामाजिक जन ग्रामवासी उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार मार्कण्डेय शिक्षक ने किया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि ऐसे महामानव का जन्म 268 साल पहले इस धरा पर संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास का जन्म हुआ। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। सत्य पथ के अनुयायी मार्गदर्शक बाबा घासीदास ने हमें समझाया कि सत्यमेव जयते, सत्य के मार्ग चलो।

आगे सांसद बघेल के समक्ष सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के अध्यक्ष के द्वारा सतनामी समाज सुरपा के मांग पत्र का वाचन किया जिसमें मॉडल जय स्तंभ एवं डोम सेट निर्माण का मांग समाज द्वारा रखा गया जिस पर सांसद विजय के द्वारा मॉडल जयस्तंभ निर्माण के लिए आश्वासन दिया है।

### सांसद ने मॉडल जयस्तंभ निर्माण के लिए दिया आश्वासन



### भंसुली में बाबा घासीदास जयंती, पंथी प्रतियोगिता व मंडई मिलन समारोह



**जामगांव आर।** भंसूली(आर) में संत बाबा गुरु घासीदास जयंती, पंथी प्रतियोगिता एवं मंडाई मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग , सीआर कौशिक समाजसेवी रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस, रूपचंद साहू सभापति, लक्ष्मी चंद्राकर सरपंच, राजेंद्र मारकंडे शिक्षा दूत, मोती मारकंडे, सुरेन्द्र गायकवाड़, जीधन ठाकुर व्याख्याता ने बाबा जैतखाम, गुरुगद्दी,छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर सुख,समृद्धि शांति,खुशहाली की मंगलकामना किए।
जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने बाबा गुरु घासीदास का संदेश प्रासंगिक है।हम सबको जीवन दर्शन में अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बिन्धेलाल कौशिक, सुधांशु कौशिक, रामकुमार चंद्राकर, लोकेश साहू, बिरेंद्र मंडल, हर्ष मनहरे आदि उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन, नारद साहू सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी, बेणीराम साहू सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी, प्रमोद जैन भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य, गिरधरलाल नारंग, पृथ्वीराज मारकंडे, चंद्रहास मोरैया, महेश मारकंडे, देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष ग्राम सुरपा, नरेंद्र धारगुड़ी समाजसेवी, किशोर सेन, सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य, सतनामी समाज सुरपा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गुरु गोबिंद सिंह को याद कर मनाया वीर बाल दिवस



**कुम्हारी।** पीएमश्री सेजस कुम्हारी में शासन द्वारा निर्देशित वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत भारत के भविष्य की नीव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए,समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। जिसमें 6 से 18 वर्ष के आयु तक के बच्चों को विभिन्न चरणों में कई प्रतियोगिताओं के लिए विषय दिए गए जिनमे भारत के लिए मेरा सपना, मुझे क्या खुशी देती है, राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण आदि विषयों ने चित्रकला, निबंध लेखन, पोस्टर, नाटक के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुति दी ।

### शिकसा ने सदाबहार नगमे का किया आयोजन

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत 'सदाबहार नगमे' कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी, प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। पुराने गीत हमारे दिल को छू लेता है इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे रहे है। क्रिसमस डे एवं पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को खास बनाने के लिये आस ने किया है।

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# कबड्डी खेल हमें जीवन की जीत हार से लड़ना भी सिखाता है: हर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद



■ भालेसार की कबड्डी टीम ने जीता पहला इनाम

ग्राम मुड़पार में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । इस प्रतियोगिता में आसपास की 32 प्रसिद्ध टीमों ने भाग लिया । जिसमें प्रथम स्थान भालेसार बेमेतरा द्वितीय स्थान घुघवा पाटन तृतीय स्थान अगार और चतुर्थ स्थान जांजगीर चांपा ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी आमतौर पर हमारे गांवों में कबड्डी बचपन से खेला जाता है। यह घर अंदर व घर के बाहर स्थित मैदान पर खेला जाता है। कबड्डी के लिए किसी खेल समाग्री की आवश्यकता नहीं होती है। नियमों का पालन करना, जीत और हार दोनों को विनम्रता से स्वीकार करना, उनका मज़ाक उड़ाने या उन्हें नीचा दिखाने से बचना चाहिए नियमों के अनुसार खेलना, खेल की भावना का पालन करना और धोखाधड़ी या खेल भावना के विपरीत आचरण से बचना। निष्पक्ष खेल एक समान खेल मैदान को बढ़ावा देता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को सफल होने का समान अवसर मिले। एक अच्छा खिलाड़ी होने का मतलब है जीत और हार दोनों को शालीनता और विनम्रता के साथ स्वीकार करना। अध्यक्षता दिव्या कलिहारी महिला मोर्चा अध्यक्ष दुर्ग, विशेष अतिथि खेमलाल लाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मध्य पाटन, लोकमणि चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तर पाटन, हर प्रसाद आडिल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दुर्ग व ग्राम के उपसरपंच भोजराम यादव आदि उपस्थित थे जिसमे 32 टीमों ने भाग लिया था।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**भिलाई।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में मूलभूत विकास कार्यों की कड़ी में कई विकास कार्य प्रगति के साथ-साथ मंगलवार को कई विकास कार्यों का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने श्रीफल तोड़कर लगभग 95 लाख रूपये के लागत से होने वाले कार्यों का शुभारंभ किया। ठाकुर ने बताया कि जामुल के जनता के अपेक्षा अनुरूप व सभी जनप्रतिनिधियों के मांग अनुसार सभी कार्य कराये जा रहे है जो शीघ्र ही धरातल पर दिखेगा। जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने बताया कि डेरहा लकड़ी टाल मोड़ से संतोषी चौक होते हुए नंदनी रोड तक का डामरीकरण संधारण कार्य 14 लाख रूपये, वार्ड 10 में शिव मंदिर से हनुमान मंदिर तक डामरीकरण कार्य, 11.24 लाख रूपये भारत पब्लिक स्कूल में चौक तक डामरीकरण कार्य, 16.38 लाख इंडियन पब्लिक स्कूल से आजाद चौक तक डामरीकरण संधारण कार्य, 7 लाख संतोषी चौक से पुरैना तालाब तक डामरीकरण मरम्मत कार्य, 9.40 लाख रूपये के लागत से कई मुलभूत कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही वार्ड 2, 6, 10, 15, 16 नहर किनारे ब्रिक लाइनिंग एवं प्लांटेशन कार्य 17.50 लाख रूपये एवं वार्ड 20 में आंगनबाड़ी से हनुमान मंदिर तक पाथवे निर्माण कार्य 19.18 लाख रूपये के लागत से कार्य किया जायेगा। नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पीआईसी प्रभारी रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा वरिष्ठगण तुलाराम टंडन, एवं ओम ओबेराय उपस्थित थे।

### वीडियो बनाने वाले ठेका श्रमिक को नौकरी से हटाया

**भिलाई।** पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9अस्पताल में काम करने वाली नर्स का कपड़ा बदलते अश्लील वीडियो बनाने के मामले में एक युवक को पकड़ा गया है। युवक को काम से निकाल दिया गया है। युवक ठेका श्रमिक है। मिली जानकारी के मुताबिक बदनामी के डर से अस्पताल प्रबंधन पुलिस में शिकायत नहीं किया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी ठेका श्रमिक युवक की ड्यूटी पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में लगी थी। ड्यूटी के दौरान आईसीयू में बने चेंजिंग रूम के रोशनदान से कपड़े बदलते हुए एक नर्स का मोबाइल से वीडियो युवक बना रहा था। जब युवक वीडियो बना रहा था उसी दौरान एक नर्सिंग स्टाफ ने युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया। युवक से उसका मोबाइल छीनकर अस्पताल प्रबंधन को दे दिया। प्रबंधन ने आनन-फानन में नर्स और उसके परिवार से बात की।

# बीएसपी कर्मियों को वेतन समझौता अधूरा होने से हजारों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों सहित सेल के हजारों कर्मचारियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण होने से कर्मयों में असंतोष बढ़ रहा है। कई बार सेल के उच्चाधिकारियों और इस्पात मंत्री से मांग और आंदोलनों के बाद भी उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इससे एक बार फिर यूनियनें एकजुट हो रही हैं। यूनियनों के मुताबिक समझौता की लेटलतीफी से कर्मियों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है।

सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता चार साल बाद भी अपूर्ण होने से कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स, एचआरए और अन्य भत्ते लंबित हैं। इस दौरान कई एनजेसीएस सब कमेटी बैठकें असफल होने के साथ यूनियनें कई बार धरना प्रदर्शन करने के साथ कर्णधारों को पचासों ज्ञापन भी दे चुकी हैं। लेकिन नतीजा शिफर है। वेतन समझौता को लेकर हुई पहली एनजेसीएस बैठक में पांच एनजेसीएस यूनियनों में पर्क्स निर्धारण आदि कुछ बिंदुओं को लेकर मतभेद थे। सीटू और बीएमएस ने कर्मचारी हित के आधार पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। सीटू के मुताबिक प्रबंधन ने मतभेदों का फायदा उठाते हुए सर्वसम्मति की परंपरा को छोड़कर बहुमत के आधार पर एमओयू करवा लिया। लेकिन इस बैठक में 39 महीने के एरियर्स देने पर प्रबंधन से हामी भरते हुए किस्तों में एरियर्स देने का आश्वासन दिया था। हठधर्मिता के चलते 39 महीने का एरियर्स अब तक भुगतान नहीं किए जाने से कर्मियों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। प्रबंधन जल्द भुगतान करे।

### 39 महीने का नहीं मिला एरियर्स, बढ़ रहा असंतोष



#### कई एनजेसीएस बैठकें असफल

अपूर्ण वेतन समझौता को लेकर इस दौरान कई एनजेसीएस सब कमेटी की बैठकें हो चुकी हैं। यूनियनों ने जल्द समझौता पूर्ण करने की मांग की लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसके अलावा यूनियनों द्वारा कई बार सेल चेयरमेन, सचिव व इस्पात मंत्री आदि को ज्ञापन दिया जा चुका है। इंटक के वीबी सिंह ने बताया कि दो महीने पूर्व इस्पात मंत्री के भिलाई प्रवास पर भी संयुक्त यूनियन द्वारा इस्पात मंत्री से मिलकर मांगपत्र दिया गया था। आश्वासन भी मिला लेकिन परिणाम शिफर है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है । यूनियनों पर धरने प्रदर्शन के लिए दबाव बढ़ रहा है।

## आवास, मेडिकल सहित ठेका श्रमिकों की और भी हैं कई समस्याएं

# तोड़ूदस्ते की कार्रवाई से परेशान 24 यूनिट के रहवासी हैं आंदोलन के मूड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप में निवासरत 24 यूनिट के लोग अब आंदोलन के मूड में आ गए हैं। बीएसपी के तोड़ू दस्ता के खिलाफ एकजुटता के साथ संघर्ष का ऐलान किया है। लाइसेंसधारक व लीजधारकों की चिंता यह है कि डेमेज क्वार्टर के नाम पर 24 यूनिट के लोगों को बेदखल किया जा रहा है। बच्चों की परीक्षा नजदीक है, जिसकी चिंता भी रहवासियों को हो रही है। रविवार को हुई लाइसेंस व लीजधारकों की बैठक में निर्णय लिया गया कि एकजुटता से तोड़ूदस्ते के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा।

### रविवार को हुई बैठक में संघर्ष की बनी रणनीति



#### तोड़ूदस्ता भय का बना रहा है वातावरण

भिलाई इस्पात संयंत्र लायसेंस धारक एवं लीज धारकों के सामान्य बैठक औश्र सेक्टर-6, जुबली पार्क में संतोष सिंह के नेतृत्व में आहुत की गई। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के तोड़ू दस्ता के द्वारा लगातार टाउनशीप में रह रहें 24 युनीटों के मकानों के क्वार्टर को तोड़कर वहां निवासरक अन्य स्थानियों को तंग किया जा रहा है। भय का वातावरण बना हुआ है। ऐसी स्थिति उत्पन्न होती जा रही है औश्र कोई सुनने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में सभी पीड़ित जो लोग अलग-अलग मकानों में निवासरत है वे काफी आक्रोशित तथा उदवेलीत नजर आये जिसमें कि खासकर महिलाओं में काफी आक्रोश नजर आया क्योंकि मकान खाली होने और उसको तोड़कर जर्जर करने एवं अन्य जगहों पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो लायसेंस धारक है उन्हें मकान देने जिसमें कि वह आलरेटी डायमेज मकान है को दुबारा एलाट करने की भिलाई इस्पात संयंत्र की गलत नीतियों के खिलाफ सभी पीड़ित एक होकर एकता के साथ इस विपरीत परिस्थिति में संघर्ष करने की योजना बनाये हैं।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के आला अधिकारियों का भय दिखाता है तोड़ूदस्ता

संतोष सिंह बताया कि ऐसे अनेकों समस्याएं भिलाई इस्पात संयंत्र के संबंधित है जिसमें ठेका श्रमिकों सहित आवास सहित मेडिकल सहित बहुतायत में समस्याएं है जिन्हें एकता के बल पर ही लड़ कर जो चुनौतियां है उसका सामना किया जा सकता है। अन्यथा अलग-अलग सभी लोग पीड़ित ही बन कर रह जायेंगे किसी भी समस्या का नीराकरण नहीं हो सकता है।इसी एकता के बल पर हम सभी की मांग पूरी हो सकती है। स्थानीय कुछ छुट भैय्या लोग है जो कभी भी एक नहीं होने देंगे इस षडयंत्र में रहते हैं व प्रयास करते रहते हैं। लोगों की पीड़ा इस तरह है कि 24 युनीटों के मकान में 24 लोग रहते हैं जिसमें यदि एक रूम किसी ने खाली किया तो भिलाई इस्पात संयंत्र का तोड़ुदस्ता उपर के आदेश से उस रूम को इस तरह से तोड़कर अगल बगल रह रहें महिलाओं बच्चों में दहशत का माहौल बना रहें है और महिलाएं यदि कुछ बोलती है तो उन्हें अभद्र और अपमानित करके बाते बोलते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र के एक तथाकथित अधिकारी का नाम लेकर डराते धमकाते हैं। जिसमें बच्चे भी शामिल है जिनकी पढ़ाई चल रही है। परीक्षाएं पास में आ गई है उन बच्चों की पीड़ा भी कहने लायक नहीं है। लोग जाये तो जाये कहां आज के मीटिंग में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है। इस प्रकार बैठक में टाउनशिप के पीड़ित पक्षों के तरफ से काफी संख्या में महिलाएँ और बच्चे और पुरुष उपस्थित हुए थे। इसके लिए 3 जनवरी 2025 को 1 बजे से 3 बजे तक भिलाई स्टील प्लांट के टीए बिल्डिंग टाउन एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग का घेराव कर महाप्रबंधक टाउनशिप का ज्ञापन सौपा जाएगा। उसके पूर्व में जिलाधीश एवं पुलिस प्रशासन को भी ज्ञापन के माध्यम से अपनी पीड़ा बताई जाएगी जिसमें सभी लोगों की सहमति मिली। इसमें मुख्यमंत्री के नाम से भी ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है।

### प्रबंधन की असफल नीतियों के कारण होती है समस्या पैदा

स्थाई बसाहट के लिए जारी आंदोलन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सांसद विजय बघेल के बयान पर उत्साह एवं आभार व्यक्त किया। जिसमें उन्होंने रिटेंशनधारीयों की मांग लाइसेंस योजना की विस्तारीकरण को न्यायोचित ठहराया है। समिति बिना किसी भेदभाव की इस प्रकार की पहल कदमी का सदैव स्वागत करेगी। बैठक में पदाधिकारी ने कहा कि प्रबंधन की असफल नीतियों से ही समस्याएं पैदा हो रही हैं तथा लगातार ट्रेड यूनियन आंदोलन को कमजोर कर दबंगई के सारे विकल्प अपनाने से समस्याएं और बढ़ेंगे। बातचीत वह सर्वोत्तम तरीका है जिससे समाधान संभव है। इस संबंध में जिलाधीश से द्विपक्षी वार्ता के लिए



पहलकदमी का अनुरोध समिति ने किया है। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के मुख्य चिकित्सालय में चिकित्सा में उपेक्षा का आरोप भी लगाया गया। सभी ने यह मांग रखी कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस हेतु अलग से व्यवस्था बनाई जाए ताकि उन्हें न्यूनतम तकलीफ हो। समिति ने आगामी वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी और सामाजिक जन आंदोलन को 2025 में महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य भी तय किया। बैठक में पर पीआर वर्मा, बीपी चौरसिया, राजेंद्र शर्मा, पीसी शर्मा, रमेश पाल, टीकम वर्मा, आरएन तिवारी, केआर साहू, आशीर्वादन, प्रभु दास, शंकर प्रसाद साहू, चंद्रकला ताराम, उमा सिंह, कनकलता, निर्मला चतुर्वेदी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जो अपना हित चाहते हैं वे दूसरों के लिए भी सोंचे: अरुणदेव

### विंटर कार्निवाल का रंगारंग समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मेरे चारों ओर एक पॉजिटिव एनर्जी है वो है मेरे मन के पॉजिटिव विचार। हमारा मन सबसे शक्तिशाली है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवाल के समापन सत्र में ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने कही। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आ ई पी ए स अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के डीजी होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा अरुण देव गौतम ने कहा कि पेरेंट्स बच्चों को अधिक से अधिक समय दे। जो अपने लिए चाहते है वो दूसरों के लिए भी हित सोचे। ब्रह्माकुमारी के कार्यों की सराहना की।

आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो राजीव प्रकाश ने कहा कि मुझे चिंता और सकून मिला की बच्चों का भटकता मन और चिड़चिड़ापन और इसके समाधान हेतु ब्रह्माकुमारी जैसी समर्पित संस्था का विश्व में कार्य करना बहुत सुखद है। अभिभावकों का बच्चों के ऊपर आशाएं इच्छाएं थोपना जिससे उनका बचपन ही खो जाता है। निको इंडस्ट्री के प्रेजिडेंट संग्राम स्वेन ने बताया कि यहां की शक्तिशाली ऊर्जा मन को शक्ति देती है। दूसरों को माफ करे तो आगे बढ़ेंगे जीवन में। भिलाई सेवा केंद्रो की निदेशिका एवं इस कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि आप बच्चे अपने जीवन को श्रेष्ठ सिद्धांतो एवं गुणों से अपना श्रृंगार करे। जो मिला है आज तक जीवन में, परमात्मा सहित प्रकृति को हर पल धन्यवाद करे। बच्चों और अभिभावकों ने मेडिटेशन से आए अपने अनुभवों को व्यक्त किया। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने स्वनिर्मित प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम तैरोगे तो किनारा मिलेगा, छोटे छोटे फूल है हम और किसी से कम नहीं है जैसे गीतों की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय सहित सभी बच्चों को ईश्वरीय उपहार से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

■ बच्चों और अभिभावकों ने मेडिटेशन से आए अपने अनुभवों को व्यक्त किया

## भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को आत्मसात करने की जरुरत: कामता

अंडा। ग्राम अछोटी नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री हरि किर्तन भजन का आयोजन किया गया। कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढ़ी भाषा में आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत किया। तो चारों तरफ जय जय श्रीराम के जयकारे गुंजने लगे।

कथावाचक ने आगे कहा कि छत्तीसगढ की पवित्र धरती माता कौशिल्या का जन्मस्थल है और भगवान श्री राम ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ में भांचा को बहुत सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन चरित को आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर सरंपच घनश्याम दिल्लीवार, मधु साहू, बिरेंद्र दिल्लीवार, शिव नारायण दिल्लीवार, प्रविण दिल्लीवार, लोकेश दिल्लीवार, गिरीराज अमृत, झम्मन, खूम कोने, प्रीतम, खिलेन्द्र कोशे, पुरूषोत्तम, दिलीप, पंकज, गोपाल, राजेन्द्र, खिलेन्द्र दिल्लीवार आदि उपस्थित थे।



## एनएसएस की सात दिवसीय शिविर आयोजित

**अंडा।** शाउमावि रसमड़ा व पुरई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कोड़िया के सहयोग से समापन हुआ। सात दिवसीय कार्यक्रम में हेमचंद विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस जिनेन्द्र कुमार दीवान व सुराना कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी उमेश कुमार वैद्य ने स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास के बारे में बच्चों को मोटिवेट किया। सहायक प्राध्यापक व कार्यक्रम समन्यक जिनेन्द्र कुमार दीवान ने एन. एस. एस. के उद्देश्य व सात दिवसीय शिविर के अनुभव बच्चों से जाना । बच्चों में ऊर्जा का संचार किया। गायत्री संस्था के ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा,गोवर्धन साहू, नितिन चंद्राकर, युवराज साहू, उमेश साहू, राधेश्याम साहू ने 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के बारे में विस्तार से बच्चों में ज्ञान का संचार किया । यज्ञ में विभिन्न स्वयंसेवकों ने दीक्षा ग्रहण किया ।

## मजदूरों ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**अंडा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पूरा देश नमन कर रहा है और उनके कार्यकाल में लागू किए बेहतरीन योजना तथा कामों को याद किया जा रहा है। ऐसा ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गांव बोरई के मनरेगा कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूर और ग्रामीणों ने अपने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किए और देश में योगदान का स्मरण भी किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मनरेगा मजदूर सुखराम साहू, बहुरु साहू, पांचो बाई साहू, ललिता साहू,पार्वती साहू,सुनीता ढीमर, विंदा साहू, सोहदरा साहू,शतरूपा यादव, राधा देशमुख जनप्रतिनिधियों में पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, पूर्व उपसरपंच रोहित साहू, पूर्व शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष कैलाश सिन्हा, पूर्व पंच लोकेश बंजारे, पूर्व पंच महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## 50 बिस्तर वाले स्वास्थ्य केंद्र की जरुरत है क्षेत्र को, भाजपा सरकार से जागी उम्मीद

# जामगांव आर में स्वास्थ्य सुविधा का पूरी तरह अभाव झेल रहे ग्रामीण

आसकरण जैन ▶▶|जामगांव आर

दुर्ग जिले पाटन विधानसभा के गर्भस्थ ब्लाक जामगांव आर को भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने इस कदर छला है कि 50 बिस्तर वाला स्वास्थ केंद्र की आवश्यकता वाले जामगांव आर में शासकीय इलाज सुविधा जीरो होने के कारण पीड़ितों की आंखों से शासन की अन्याय देख आंसू बहने लगी है। देश स्वतंत्रता के बाद 77 वर्षों में आज तक जामगांव आर को शासकीय स्वास्थ केंद्र नहीं मिली। 35 ग्रामों के जीवंत केंद्र संपर्क सेवा उपलब्ध कराने वाले जामगांव आर जैसे महत्वपूर्ण सेंटर में एक छोटा सा शासकीय स्वास्थ केंद्र भी नहीं है जो कि विकास को लेकर लच्छेदार भाषण करने वाले नेताओं की कथनी करनी का अंतर जगजाहिर करती है। लोकतंत्र के मालिक आमजनता के साथ भद्दा और खुला मजाक है। क्षेत्र के 25 साल तक विधायक की गद्दी पर आसीन कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनकर 5 साल सत्ता सुख भोग कर सत्ता से बाहर हो गए। इलाज के लिए दर-दर भटकने वाले अपने मतदाताओं पर थोड़ा भी जामगांव आर क्षेत्र की जनता पर दया नहीं आई। भाजपा प्रदेश सरकार विष्णुदेव साय की सुशासन और डबल इंजन की सरकार की 1 साल पूरे हो गए जश्न भी मना लिए लेकिन शासकीय स्वास्थ सेवा जामगांव आर को नहीं मिलने पर पीड़ित आमजनता कराह रही है। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मुहर जामगांव आर को ब्लॉक बनाने लग चुकी है। सरकार के पास पैसे की कमी नहीं बोलने वाली सरकार जामगांव आर को ब्लॉक दर्जा देने में हिला हवाला क्यों रही है कोई मुंह खोलने वाला नजर नहीं आ रहा है।

### कॉलेज की तरह स्वास्थ्य केंद्र बनाए भाजपा

जामगांव आर 100 वर्षों से व्यवसायिक केंद्र है। दो दर्जन से अधिक ग्रामों को शिक्षा लाभ देने वाले शासकीय कालेज, शासकीय और प्राइवेट दो हायर सेकेंडरी स्कूल, 35 ग्रामों को राजस्व सेवा उपलब्ध कराने वाली उपतहसील, हजारों खाताधारकों वाली दो बैंक स्वतंत्र पुलिस थाना सहित रायपुर राजधानी, दुर्ग राजनांदगांव धमतरी बालोद से चमचमाती सड़को से नाता जोड़े चौराहे पर जामगांव आर शासकीय स्वास्थ सेवा जीरो होने से अपने उदासीन नेताओं को कोसते हुए नसीब पर आंसू बहाने विवश है।शासकीय कालेज उपलब्ध कराने वाले भाजपा के लोकप्रिय नेता सांसद विजय बघेल जैसे सूझ बुझ रखने वाले मसीहा का इंतजार शासकीय स्वास्थ केंद्र सुविधा के लिए जामगांव आर बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



### दो दशक पूर्व भवन भी बना

दो दशक पूर्व राज्य सभा सांसद ओ राजगोपालन के फंड से बस स्टेंड एरिया में स्वास्थ केंद्र के लिए भवन बनाया गया।जिसका उद्घाटन तक सुनने में नहीं आया कभी पंचायत और डाक घर सेवा ने भी इस भवन का उपयोग किया और वर्तमान में अब इस भवन में पुलिस थाना जामगांव आर सेवारत है।पुलिस थाना हेतु जगह का चयन भंसुली एरिया में हो चुका है। स्वास्थ केंद्र के अभाव में डाक्टरी परीक्षण सेवा के लिए पुलिस को 19 की मी पाटन का चक्कर लगाना पड़ता है।

### अबूझमाड़ बना जामगांव आर

छत्तीसगढ़ बनने के बाद 15 साल भाजपा डॉ रमन सिंह सरकार ने प्रदेश में शासन किया। बाद में 5 साल क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनकर राज किए। पाटन विधानसभा क्षेत्र के ख्यातिनाम जामगांव आर 35 ग्रामों को शिक्षा राजस्व बैंकिंग व्यवसायिक चमचमाती सड़क सुविधा देने में हीरो है लेकिन शासकीय स्वास्थ सेवा केंद्र के नाम पर जीरो है। किसी को सामान्य चोंट भी लग जाए तो टिंचर लगाने लायक छोटा स्वास्थ केंद्र भी जामगांव आर में नहीं है।

### 50 बिस्तर वाला स्वास्थ केंद्र की आवश्यकता

कोरोना काल में जामगांव आर वाले टीका लगवाने भंसुली, बोरवाय, बटरेल और बालोद जिला के रनचिराई का चक्कर लगाकर जान बचाने का जतन करते रहे। जामगांव आर में 50 बिस्तर वाला उम्दा स्वास्थ केंद्र की दरकार है। 35 ग्रामों का सेंटर और चारों तरफ की शहरों का चौराहा सेंटर होने के कारण यह ज्वलंत आवश्यकता है। जो शासन प्रशासन को क्यों नहीं दिख रहा है यह हैरानी का विषय है। वहीं जामगांव आर भाजपा मंडल का मुख्यालय है कांग्रेस राजनीति का एक केंद्र बिंदु है चंद किमी की परिधि में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर और निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री रूपनारायण सिन्हा का गांव है। स्व हरिहर प्रसाद शर्मा मंत्री और स्व. ताराचंद साहू, स्व. धनाराम साहू, स्व केजुराम वर्मा यहां के तीनों विधायक रहे। इतने कद्दावर नेताओं के बाद 77 वर्षों में जामगांव आर को शासकीय स्वास्थ केंद्र नहीं मिल पाना घोर आश्चर्य का विषय है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



लंदन फैशन वीक की तैयारी

**लाइव इवेंट**

## टीवी रियलिटी शो में चयनित हुए दुर्ग के तीन दृष्टिबाधित बच्चे



**दुर्ग।** वसुंधरा म्यूजिक फाउंडेशन के तीन प्रतिभावान दृष्टिबाधित इन बच्चों का चयन एक प्रतिष्ठित टीवी रियलिटी शो में हुआ है। जो न केवल फाउंडेशन बल्कि पूरे दुर्ग शहर के लिए गर्व की बात है। विवेक कुमार, आयुष गुप्ता और लेमन ने अपने हुनर से सभी को चौंका दिया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने निवास कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। उन्होंने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा, इन बच्चों ने यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। ये बच्चे हमारी प्रेरणा हैं और समाज के लिए एक मिसाल हैं। महापौर ने फाउंडेशन की संचालिका ज्योति ध्रुव के अथक प्रयासों की सराहना की और फाउंडेशन के काम को एक अनूठी पहल बताया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

सम्मान समारोह में एमआईसी प्रभारी भोला महोबिया, पार्षद प्रकाश जोशी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फतेह सिंह भाटिया, पार्षद भास्कर कुंडली, शिवकांत तिवारी, और सुमित सहित कई लोग उपस्थित थे। सभी ने बच्चों की उपलब्धि को सराहा और फाउंडेशन के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। वसुंधरा म्यूजिक फाउंडेशन वर्षों से दिव्यांग बच्चों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने में जुटा है। इन बच्चों की सफलता ने यह दिखाया कि सीमाएं केवल हमारे मन की होती हैं। उनकी यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है।

**सिटी इवेंट**

## बिजेनस को खड़ा करने व बड़ा करने के लिए देंगे आइडियास डॉ. विवेक बिंद्रा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव 2025 में बड़ा आगाज डॉ. विवेक बिंद्रा भिलाई दुर्ग के व्यापारियों को बिजनेस खड़ा करने और बड़ा करने के नए नए आइडियाज देकर व्यापारियों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। इस कार्यक्रम की घोषणा भिलाई चेम्बर द्वारा की गई। भिलाई चेम्बर द्वारा रविवार को लांचिंग कार्यक्रम होटल इंडिया में आयोजित किया गया। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा व्यापार महोत्सव भिलाई में होने जा रहा है।इस सबसे बड़े व्यापार महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा व्यापारियों को एक नई ऊर्जा देंगे और बदलते परिवेश में व्यापार को अपडेट कैसे करे इस विषय पर विशेष प्रकाश डालेंगे। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि डॉ. बिंद्रा के प्रेरक उद्बोधन कार्यक्रम से व्यापार महोत्सव का उद्देश्य व्यापार की नई पहचान संभावनाओं का आसमान पूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि डॉ. विवेक बिंद्रा अपना उद्बोधन शाम 5 बजे प्रारम्भ करेंगे । अजय भसीन ने बताया कि व्यापार महोत्सव 2025 का आयोजन 16 से 19 जनवरी तक क्रिस्टल गार्डन जयंती स्टेडियम के पास आयोजित है। इस आयोजन में प्रतिदिन 4 बजे से 6 बजे तक विभिन्न विषयों पर कार्यशालये आयोजित की जाएगी। व्यापार महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10.30 वजे तक चलेगा।

- छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स का व्यापार महोत्सव 16 जनवरी को
- भिलाई चेंबर ने रविवार को लांचिंग किया पोस्टर

### व्यापार महोत्सव में 170 से अधिक ट्रेड के स्टॉल लगेंगे

इस व्यापार महोत्सव में 170 से अधिक भिन्न भिन्न ट्रेड के स्टाल सजेंगे। युवा स्टार्टअप के लिए भी एक अलग जोन तैयार किया जा रहा है। सभी कार्यक्रम क्रिस्टल गार्डन में होगा जहां आने वाले दर्शक निशुल्क प्रवेश करेंगे वाहन पार्किंग भी पूर्णत निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि इस व्यापार महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न ट्रेड को एक स्थान पर मंच देना, व्यापारियों को अपडेट करने प्रेरक जानकारियां प्रस्तुत की जाएगी। मिश्रा ने बताया कि डॉ विवेक बिंद्रा का व्यपारियो को अपडेट करने ओपन सेमिनार भिलाई में पहली बार हो रहा है। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

● विधायक रिकेश टीम ने बीएसएनएल चौक पर किया अभिनंदन

# श्री गुरु गोविंद सिंह साहिबजी के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

श्री गुरु गोविंद सिंह साहिबजी के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन सिख पंचायत के संचालन में रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास न्यू खूर्सीपार से नगर कीर्तन पालकी साहिब पर सवार शब्द गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब पंज प्यारे साहिबान की अगुवाई में सुबह 11 बजे अरदास के उपरांत शब्द कीर्तन के साथ निकला और कनाल रोड से दोपहर 1 बजे नंदिनी रोड पहुंचा एवं पावर हाउस ओवर ब्रिज से मुर्गा चौक सेक्टर-1 होते हुए बीएसएनएल चौक पहुंचा। यहां वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की टीम से सैकड़ों लोगों ने पंच प्यारे साहिबान सहित नगर कीर्तन में शामिल साध संगत का अभिनंदन किया।



**भिलाई।** इस अवसर पर नगर कीर्तन में अतिशोभनीय पालकी साहिब का भव्य दर्शन कर टीम रिकेश ने झांकी के साथ-साथ गतके का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी देखा। पंज प्यारे साहिबान, पंज कीरपान, पंज निशान साहिब एवं पालकी साहिब के पीछे शबद कीर्तन करती संगत एवं स्कूली बच्चे सहित फूल बरसाती गाड़ियों के साथ पहुंचे लोगों की सेवा का भी अवसर प्राप्त किया। बीएसएनएल चौक से नगर कीर्तन सेक्टर सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 5 चौक पहुंचा जहां रेहरास साहिब के पाठ के उपरांत सेक्टर 6 गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में अरदास के उपरांत शाम को नगर कीर्तन का समापन हुआ।





### जगह-जगह हुआ स्वागत

नगर कीर्तन में आज संगत द्वारा जगह-जगह पर चाय नाश्ते के साथ साथ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों एवं अन्य सिख संस्थाओं द्वारा लगाए गए भव्य स्वागत द्वार देखने को मिले। नगर कीर्तन में सिख पंचायत के साथ 200 वालंटियर भी शामिल थे। जिन्होंने नगर कीर्तन के संचालन के साथ-साथ साफ सफाई एवं देखरेख व्यवस्था को सुचारू ढंग से सम्हाला। दुर्ग-भिलाई की संगत में इस बार भी नगर कीर्तन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। नगर कीर्तन में इमरजेंसी एंबुलेंस व्यवस्था भी थी। विधायक रिकेश सेन द्वारा बीएसएनएल चौक पर हैल्थ मोबाइल टीम के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगवाया गया। नगर कीर्तन में शामिल संगत सहित दर्शन को पहुंचे लोगों के लिए पंडाल में राजमा-पुलाव और चाय की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य चेकअप वैन के माध्यम से सुबह से 4 बजे तक अनेक लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया।

### यूथ सिख सेवा समिति ने निभाई जिम्मेदारी

नगर कीर्तन में मिली सभी जिम्मेदारियों को यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने पूरी शिद्दत के साथ निभाया। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू), कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने सभी संरक्षकों और सदस्यों, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।





## पर्यावरण संरक्षण जागरुकता अभियान के तहत सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में की साफ-सफाई

**भिलाई।** हरा भरा,स्वच्छ धरा उद्देश्य को लेकर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति, छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा लगातार 95 वें सप्ताह स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत नाड़ी वैद्य संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन पर सेक्टर -9, हनुमान मंदिर,भिलाई नगर में साफ सफाई कर प्लास्टिक बॉटल, पानी पाऊच, दोना, प्लास्टिक चम्मच,झिल्ली आदि अवांछित कचरे को इकट्ठा कर डस्टबिन में डाला गया। प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल ने कहा कि यदि हर कोई स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होकर जिम्मेदारी से कार्य करें तो वो दिन दूर नहीं अपना देश हरा भरा, स्वच्छ रहेगा।इसी कड़ी में हनुमान मंदिर के पंडित सूर्यकांत तिवारी ने लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि कचरा इधर उधर न फेंककर यहां डस्टबिन रखा हुआ है उसमें कचरा डालें। जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखें, जिससे हम बीमारी के शिकार नहीं होंगे। इस कार्य में भिलाई नगर से प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल,सरोज टहनगुरिया, निकिता शिंगणे,जयेश शिंगणे, भानु शंकर बेलचंदन,मधु कुमार देशमुख,भानु सिंह साहू,भागीरथी सिन्हा,दाऊ लाल बघेल,सुधीर गढ़ेवाल, शिव कुमार शुक्ला, कुंवर सिंह देशमुख, पंडित सूर्यकांत तिवारी,दाऊ लाल बघेल, भागीरथी सिन्हा, सुरेंद्र साहू, मुक्ता नंद वर्मा शामिल हुए।




## सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा दिसम्बर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह 30 दिसंबर को सायं 7 बजे प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित किया जायेगा। ओए-बीएसपी महासचिव परविंदर सिंह ने बताया कि आफिसर्स एसोसिएशन ने सम्मान की परम्परा को कायम रखते हुए दिसम्बर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 131 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसमें से जनवरी से नवम्बर 2024 तक के कुल 124 सेवानिवृत्त अधिकारियों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया जा चुका है एवं इस माह कुल 7 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में निम्न अधिकारी शामिल हैं- प्लेट मिल जीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा, आरएसएम जीएम काशीनाथ मलिक, , सीओसीसीडी जीएम सुशांत कुमार हलधर, ब्लास्ट फर्नेस डीजीएम दयाशंकर शर्मा, एमडब्ल्यूआरएम डिप्टी मैनेजर अरूण कुमार एवं ओपी-2 जूनियर मैनेजर बाबू लाल वासनिक जूनियर मैनेजर ओए-बीएसपी द्वारा इन वरिष्ठ सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जायेगा।

**खिलाड़ियों ने 15 स्वर्ण, 17 रजत व 19 कांस्य पदक जीते**

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। 19वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंडियन ताईक्वांडो क्लब ने मारी बाजी बिलासपुर में आयोजित 19वी छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 26, 27 व 28 दिसंबर 2024 में आयोजित की गई। जिसमें इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के 35 खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन कर अपने जिले का नाम रोशन किया इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सचिव एवं कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि क्लब के सहायक कोच सुजल दास, हर्ष शिववंशी, जतिन नायक, सोनिया सोनी, श्रेया दास, प्रियंका महिपाल के संरक्षण में टीम दुर्ग जिला 15 स्वर्ण पदक,17 रजत पदक और 19 कांस्य पदक के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रनर अप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

## राज्य स्तरीय ताईक्वांडो स्पर्धा में इंडियन ताईक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा ने मारी बाजी




प्रथम स्थान गोल्ड मैडल पर कब्ज़ा ज़माने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है विनय मेश्राम, लेकिशा मिश्रा, तुषार वैष्णव, जिज्ञासा यादव, प्रियंका महिपाल एवं द्वितीय स्थान सिल्वर मैडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सोनिया सोनी, कुशुमिता साहू, तुस्य देवांगन, ए ओमीषा राव, आयुष सिंह, सुजल दास, श्रेया दास, दिव्यांश देवांगन, दिव्यांश जंघेल और इसी प्रकार तृतीय स्थान ब्रोज मैडल पर जतिन नायक, नित्यम साहू, वात्सल बांकुरे, सांची चौहान, वैभवी पंडा, ओमया जंघेल ने अपना कब्ज़ा जमाया एवं प्रज्ञाश सोनी, टिकेंद्र महारा, हिमांशु वैष्णव, प्रियांश शर्मा, प्रियांशु साहू, रुपेश देवांगन, हृदया गिदाम, छाया साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिला का मान बढ़ाया। इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के खिलाड़ियों एवं कोच का स्वागत दुर्ग रेलवे स्टेशन में किया गया।



**सिटी इवेंट**

## रजिस्ट्रार व प्राचार्य ने किया यूथ फेस्टिवल विजेता दल का स्वागत



**दुर्ग।** बंगलुरू के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, केन्गेरी में आयोजित 38वें युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन कर विजयी लौटी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम का साइंस महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया। देर रात लगभग 10 बजे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप और साइंस कॉलेज, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने छात्रों का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने विजेता टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल आपकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय और कॉलेज की प्रतिष्ठा को भी राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने का कार्य करती है। आपके प्रयास और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आगे भी इसी तरह विद्यार्थियों के लिए जो भी संभव होगा सभी प्रयास किए किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी लगन, मेहनत और मार्गदर्शकों के समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विजेता टीम के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेना उनके लिए एक अद्भुत अनुभव था और इस जीत ने उन्हें नई चुनौतियों को स्वीकार करने की प्रेरणा दी है। इस शानदार स्वागत के लिए टीम मैनेजर डॉ चांदनी मरकाम एवं तरुण साहू ने रजिस्ट्रार एवं पूरे विश्वद्यालय प्रबंधन तथा महाविद्यालय परिवार के साथ ही पूरे कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. के पद्मावती एवं सहायक कुलसचिव दिग्विजय साहू के विशेष सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो जनेंद्र दीवान, एनसीसी के प्रभारी अधिकारी प्रो प्रशांत दुबे, सहायक प्राध्यापक प्रो मोतीराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतिभागी इस अप्रत्याशित स्वागत से काफी खुश नजर आ रहे थे और रजिस्ट्रार एवं प्राचार्य की उपस्थिति से स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। पटाखों और बैंड बाजे की धुन पर नाच-गाकर जीत का जश्न मना रहे थे। कार्यक्रम में संगतकार वेदांत सिंह, प्रमोद, गीतिका, वेदप्रकाश, तेजस्वी, शुभम और दुर्गेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में एनएसएस और एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित थे।

**सिटी लाइव**

## हम सबको हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करना चाहिए: डॉ. अशोक पंडा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग के सभागार हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा थे। पंडा ने कहा कि हम सबको हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करना ही है, इसके लिए पत्राचार एवं नोटिंग आदि में हिंदी के छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग करके शुरुआत अवश्य करें। यदि हिंदी लेखन में कठिनाई आती है, तो वॉइस टाइपिंग की सहायता लें। सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी स्मिता जैन ने वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग में वृद्धि के लिए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सामान्य ज्ञानप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार प्रबंधक नेहा रानी द्वितीय एजीएम प्रतीक देशलहरा तृतीय अरुण कुमार बंसल को मिला।

### विजेता प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार

वित्तीय जागरूकता' विषय पर नारा प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम प्रबंधक अलंकार समद्दार, डीजीएम अमृता गंगराडे प्रतीक देशलहरा रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए उप प्रबंधक बी ऊषा वल्ली अनुभाग अधिकारी सुनील कुमार शर्मा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । कार्यशाला में कनिष्ठ प्रबंधक राकेश कुमार जैन सहित जुलेखा, चन्द्रलता चन्द्राकर आदि कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन अनुभाग अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने किया।

**उपलब्धि**

## परिधि भिलाई से बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



**भिलाई।** चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल परीक्षा का रिजल्ट 26 दिसंबर को जारी हुआ, जिसमें कुल 11 हजार 500 कैंडिडेट ने सफलता हासिल की। यह परीक्षा दो समूहों में आयोजित की जाती है। जिनमें से 4 हजार 134 विद्यार्थी ही पूरे भारत में पास हुए। कुल उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 13.44 फीसदी रहा। इस परीक्षा में भिलाई नगर, सेक्टर 9 निवासी कुमारी परिधि गुप्ता ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। पास होने वाले अत्यंत कम विद्यार्थियों में परिधी गुप्ता ने उत्तीर्ण होकर संपूर्ण भिलाई नगरी का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में परिधि गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास की थी। परिधि ने बताया कि टाइम का सही उपयोग किया। ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट दिए और टाइम मैनेजमेंट को जाना। परिधि ने अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपनी मां प्रियंवदा गुप्ता को दिया। मम्मी प्रियंवदा गुप्ता हाउसवाइफ हैं जिन्होंने अपनी बेटी को सीए बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया। फिलहाल परिधि भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थान केपीएमजी मुंबई से अपनी आर्टिकलशिप कर रही हैं। परिधि गुप्ता की सफलता पर तमाम संगठनों के लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

● ट्विनसिटी के बाजार में इन दिनों मौसमी फलों की डिमांड बढ़ी

# इस ठंडी सीजन में सेहत का रखें पूरा ध्यान, इन सीजनल फलों को शामिल करें अपने डाइट में

**भिलाई।** वैसे तो ठंड का मौसम हेल्दी सीजन माना जाता है लेकिन कुछ फल सर्दियों के महीने में गर्मियों की तुलना में प्रचुर मात्रा में नहीं होते हैं। इसलिए मौसम को अपने स्वस्थ आहार से दूर न होने दें। यहां कुछ स्वादिष्ट खट्टे फल और अन्य फल हैं जो मौसम में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं और महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर हैं। इन फलों की व्यक्ति को ठंडे समय में स्वस्थ और मजबूत बने रहने के लिए आवश्यकता होती है। ट्विनसिटी के बाजार में इन दिनों ये फल आने भी शुरू हो गए हैं।



### अनार

ट्विनसिटी में इन दिनों अनार के दाम आसमान छू रहे हैं। अच्छी क्वालिटी का अनार 100 रुपए से 120 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। अनार के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं, जिनमें एंटीऑक्सीडेंट से लेकर कुछ कैंसर की रोकथाम में सहायता तक शामिल है। अपने सर्दियों के आहार में अनार को शामिल करें और हर स्वादिष्ट बीज के स्वास्थ्य लाभों और मीठे-खट्टे स्वाद का आनंद लें। अगर इस सर्दी में कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं तो आप एक गिलास अनार का जूस भी पी सकते हैं।

### संतरे

ट्विनसिटी में इन दिनों संतरे की खूब बिक्री हो रही है। इसलिए कि संतरा इस सीजन में ज्यादा आता है और बाजार में इसकी कीमत भी कम है। आम लोगों तक यह फल पहुंच में हैं। बाजार में संतरे का फल 30 रुपए किलों से लेकर 50 रुपए तक बिक रहे हैं। खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर संतरा स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस फल में विटामिन-सी, फाइबर, पोटैशियम, फोलेट और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे कई तरह के संक्रमण से बच सकते हैं। माना जाता है कि संतरे खाने से कैंसर का जोखिम भी कम हो सकता है। सर्दियों के मौसम में इस फल को जरूर खाएं, जिससे आप मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं।

### अमरूद

ट्विनसिटी में अमरूद बड़ी आसानी से मिल रहे हैं। देशी अमरूद से लेकर दीगर राज्यों से आने वाले अमरूद भी खासी बिक्री हो रही है। 20 रुपए किलो से लेकिर 40 रुपए किलो तक अमरूद बेचे जा रहे हैं। डायटीशियन के मुताबिक सर्दियों के मौसम में अमरूद आपको काफी आसानी से मिल सकता है। पौष्टिक गुणों से भरपूर यह फल सेहत के लिए लाभदायक होता है। इसमें विटामिन-ए, फोलेट, पोटैशियम, फाइबर समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप पाचन संबंधी समस्या से परेशान हैं, तो अपनी डाइट में अमरूद जरूर शामिल करें।



**बढ़ी फलों की डिमांड**

### अंगूर

टिवनसिटी में अंगूर के नए फल आने लगे हैं। इसकी कीमत अभी 120 रुपए प्रति किलो है। यह मौसमी फल वैसे तो जनवरी में पकता है लेकिन इसकी बाजार में आना भी शुरू हो गया है। यह फल लाभकारी और सुरक्षात्मक पोषक तत्वों और पौधों के यौगिकों से भरा होता है, जिनमें लाइकोपीन सहित एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इसका मतलब है कि वे मुक्त कणों नामक अस्थिर अणुओं के कारण होने वाले संभावित नुकसान से कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, सभी फल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और कई दशकों के आहार संबंधी शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करने से बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है।डाइटीशियन बताते हैं कि अंगूर में सैलिसिलिक एसिड होता है, जो शरीर में अकार्बनिक कैल्शियम को तोड़ने और गठिया के लक्षणों को कम करने में मदद करता है।

### नाशपाती

इन दिनों नाशपाती खूब बिक रहे हैं। फलों के बाजार में वैसे एक महीने पहले से ही ये आ गए हैं। नाशपाती 30 रुपए से लेकर 40 रुपए किलो बेचे जा रहे हैं। डाइटीशियन की मानें तो मध्यम आकार का नाशपाती विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। यूएसडीए पोषक तत्व डेटाबेस के अनुसार, इस फल में कुछ पोटेशियम, विटामिन के, कॉपर, मैग्नीशियम और बी विटामिन भी होते हैं। वे फाइबर का भी एक बेहतरीन स्रोत हैं, जो जठरांत्र प्रणाली को नियमित रखने में मदद करता है।नाशपाती, खास तौर पर रंगीन छिलकों वाली नाशपाती, फाइटोन्यूट्रिएंट्स या फ्लेवोनोइड्स जैसे प्राकृतिक पौधे रसायन प्रदान करती हैं। र्नाशपाती में कुछ प्राकृतिक चीनी होती है, लेकिन उनमें मौजूद उच्च फाइबर सामग्री यह सुनिश्चित करती है कि इसे खाने के बाद आपका रक्त शर्करा स्तर नहीं बढ़ेगा, जो उन्हें मधुमेह वाले लोगों के लिए एक आदर्श नाश्ता बनाता है।

**आयोजन**

## वार्षिक खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाए अपने जौहर, मिला पुरस्कार



**भिलाई।** स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल तितुरडीह दुर्ग में वार्षिक खेल महोत्सव 2024-25 के अवसर पर इंटर हाउसेस गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी ,मिडिल और हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए बालक और बालिका वर्ग समूह में विविध खेल स्पर्धाएं करवाई गई है। इंटर हाउसेस गेम्स का विधिवत उदघाटन प्राचार्य प्रेमलता तिवारी ने किया। प्राइमरी विंग ग्रुप-ए एथलेटिक्स शार्ट रेस में छायांश और भावना प्रथम रहे। पेपर बॉल रेस में श्रीराज, हर्ष,कार्तिक,युवराज बालक वर्ग में और नित्या, वंशिका,भाविका ,और देवांशी की टीम बालिका वर्ग में विजेता रही। गेट रेडी फ़ॉर स्कूल इवेंट में अक्षत और योगिता और शटल रन में रितिक और सान्वी प्रथम रहे। प्राइमरी विंग ग्रुप बी में गर्ल्स रेस में प्रथम वीरा,और हरि, बुक बैलेंसिंग रेस में बालिका वर्ग में प्रथम वीरा,और रितिक,रीले रेस में प्रथम प्रियांशी, लक्ष्मी, पूर्वी और क्षिप्रा,बालक वर्ग हरि,शौर्य,भेमराज,अयान की टीम विजेता बनी। मिडिल विंग ग्रुप सी शार्ट रेस में चंदन और योशश्री,रीले में सभ्या, रिद्धि,पूर्वी,और लोमेश्वरी,अव्वल रहे। हाई स्कूल विंग ग्रुप डी के शार्ट रेस में चांदनी और मयंक रीले में कृष,अयान,अरमान, रियान, प्रथम रहे । इंटर हाउसेस क्रिकेट बालक वर्ग में अरपा हाउस एव बालिका वर्ग में शिवनाथ हॉउस चैंपियन बने। लोमेश्वरी प्लेयर ऑफ द मैच और मयंक मैन ऑफ द मैच का खिताब पर कब्जा किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अरूण सिंह शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार गंधर्व, सदस्य जितेंद कुमार देशमुख, संतोष मरकाम धान सिग चंद्राकर, अन्नू कृष्णा सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल संचालन में सुखदीप सिग भट्टी,घनश्याम पटेल पंकज साहू ,अभिषेक रात्रे ,इबरत आफरीन स्वीटी वर्मा,शैलेष, मनीषा सैमसंग, नुसरत फातिमा, ईश्वरी कोसरे, मार्टिना ठाकुर, लावण्यामयी साव, पवन यादव सहित छात्र परिषद ने अपना योगदान दिया ।

**सात दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर**

## वैदिक सनातन धर्म शिक्षा के माध्यम से ही विकसित भारत का निर्माण होगा: विजय



**भिलाई।** आर्य समाज के समाज सुधारक स्वामी श्रद्धानंद के 98 बलिदान दिवस एवं सात दिवसीय शीतकालीन संभागीय युवा चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर दुर्ग स्थित घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में एक विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया था। आयोजन के संयोजक मनोज ठाकुर ने बताया कि आर्य समाज सदैव समाज सेवा के साथ-साथ युवाओं छात्रों के चरित्र के निर्माण को लेकर समय-समय पर आज परीक्षा प्रशिक्षण सर्वांगीण विकास के लिए बौद्धिक वैदिक के अलावा आसन प्राणायाम संवाद कौशल के शिविर का आयोजन करते है। इसका उद्देश्य बच्चों के जीवन को आदर्श बनाना और अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियां का ईमानदारी के साथ निर्वहन करना। इस अवसर पर प्रख्यात वक्ता गौतम खट्टर जो वैदिक सनातन धर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। जिन्होंने 90 मिनट तक धारावाह अपने उद्बोधन में वैदिक सनातन के ऊपर व्याख्यान दिया। जिसका विषय था सनातन धर्म के प्रति भ्रांतियां एवं समाधान जिनके भाषण से उद्बोधन से उपस्थित जन मंत्र मुग्ध हो गए।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। सनातनी ओजसी प्रवक्ता का पूरा भाषण सुना और इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित 115 छात्रों को जो विभिन्न जिले से आए थे, उन्हें मेडल प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भारतीय सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे, किशोर कनोजे, सुश्री नीता चौरसिया, मूर्ति आर्य, तुषार आर्य, दीपांशु आर्य, सांसद विजय बघेल, अवनी भूषण, पुरम मंत्री, आर्य प्रतिनिधि सभा छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में प्रख्यात वैदिक प्रवक्ता गौतम खट्टर को चरसी पर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित:** आर्य समाज के मंत्री रवि आर्य, डॉ. रामकुमार पटेल, रामनिवास गुप्ता आयोजन समिति के संयोजक मूर्ति आर्य, डॉ. मानसी गुलाटी, किशोर कनोजे, प्रशांत क्षीरसागर, ज्योतिपुरग पवन, वैष्णव शशिकांत दुबे, पंडित एडवोकेट विभा मिश्रा, धर्म जागरण के चावड़ा के अलावा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, गायत्री शक्तिपीठ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आर्ट ऑफ़ लिविंग, ब्रह्मा कुमारी के अलावा अनेक धार्मिक संगठनों के एवं समाजसेवी सदस्य के साथ-साथ 112 युवा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

**खूबचंद बघेल शा. कॉलेज भिलाई-3 ने गर्ल्स स्कूल की छात्राओं को किया जागरूक**

## पोषक-कॉलेज जागरुकता अभियान में छात्राओं ने दिए हेल्थ टिप्स, खेलकूद का भी आयोजन

**कार्नर न्यूज**

### पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

भिलाई। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर डॉ. खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई - 3 की टीम ने पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई-3 में प्राचार्य निशा जैन एवं सभी अध्यपकों की उपस्थिति में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम की प्रारम्भ कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शीला विजय ने कहा कि 'पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर शत- प्रतिशत प्रवेश करने के लिए पोषक विद्यालय का चिन्हांकन करते हुए उच्चतर माध्यमिक (11 एवं 12वीं कक्षाओं ) के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।




### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग

साथ ही हायर सेकंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद विद्यार्थी अपने पढ़ाई के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे-राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस , सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग के साथ -साथ ग्रंथालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पुस्तकें, पत्र- पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। एनसीसी के सीनियर अंडर आफिसर पी सौजन्या एव बृजेश ने एनसीसी की गतिविधियों की जानकारी दी। नई शिक्षा नीति पर भी व्याख्यान हुआ। इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर घनश्याम ठाकुर, एनएम गौरव, आँचल मढारिया, चंचल यादव, प्रियल, रमनदीप, श्रुति चटर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की योजनाओं से कराया रूबरू

प्राध्यापक डॉ. अल्पना देशपांडे ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं व्यक्तितव विकास से सम्बंधित जानकारी दी। साथ ही अर्थशास्त्र विभाग के विभागध्यक्ष श्री दिनेश देवांगन , खेल अधिकारी डॉ. रमेश त्रिपाठी, ग्रंथपाल शैलेन्द्र कुशवाहा ने अपने-अपने विभाग एवं उपलब्धियो से अवगत कराया। इस अभियान के दौरान अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. डॉली सोनी एवं गणित विभाग के प्राध्यापक पूजा देवांगन ने शिक्षा के अधिकार विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें मयूर, खुशबू पटेल, दुलेश्वरी, श्रुति यादव पुरस्कृत किए गए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ से आगे निकली दिल्ली टीम



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी का आयोजन 06 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा तीन दिवसीय मैच (28 से 30 दिसंबर) शिमोगा में दिल्ली के विरुद्ध खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 94 ओवरों में 10 विकेट खोकर 377 रन बना लिये हैं। दिल्ली की ओर से अभिराज गगन सिंह ने 101 रन, अगस्तय ने 85 रन तथा जनव ने 58 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से वेदांत जैन ने 5 विकेट तथा यर्थाथ सिह चौहान ने 2 विकेट लिये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 79 ओवरों में 10 विकेट खोकर 197 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से आर्यन सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाये, उनके अतिरिक्त वेदांत खेडीया ने 28 रन तथा मानस मुलचंदानी ने 26 रन बनाये।

दिल्ली की ओर से वेंदांत सहवाग ने 4 विकेट, नकुल, अध्ययन तथा अस्मितने 2-2 विकेट लिये. दूसरे दिन की समाप्ति तक दिल्ली ने अपनी दूसरी पारी में 7 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिये है। दिन की समाप्ति तक दिल्ली 159 रनों से आगे हैं।

### इंटर क्लब टेनिस टूर्नामेंट में रीत विहार और वरुण बने चैंपियन




**रायपुर।** यूनियन क्लब और अर्जुन टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित इंटर क्लब टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले यूनियन क्लब मे खेले गए। इसमें बॉयज़ अंडर-14, पुरुष वर्ग और गर्ल्स अंडर-16 के मुकाबले हुए। गर्ल्स अंडर-16 मे रीत बेंगानी ने आराध्य पांडे को 6-1, 6-2 से हराया। बॉयज़ अंडर-14 मे विहार शरण भाटिया ने एकलव्य सिंह राजपुत को 3-6, 6-1, 10-7 से हराया। पुरुष के एकल मे वरुण तिवारी ने उत्कर्ष मिश्रा को 6-2, 6-3 से हराया। टूर्नामेंट के समापन पे यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा ने विजेताओं को ट्राफी देकर समानित किया।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस खेलों में उतरेंगे प्रतिभागी



**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन (महिला/पुरूष) एवं बास्केटबॉल (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता 3 से 08 जनवरी को त्यागराज स्टेडियम दिल्ली, लोक विहार आनन्दवाश पितरनपुरा व बालभारती स्कूल दिल्ली में आयोजित है। छत्तीसगढ़ राज्य के दल के गठन हेतु बैडमिंटन महिला/पुरूष की चयन प्रतियोगिता दिसंबर को कोटा स्टेडियम तथा बास्केटबॉल चयन ट्रायल पुलिस लाइन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में आयोजित की गई। चयन ट्रायल के पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु कोच/मैनेजर सहित चयन सूची जारी की गई है। बैडमिंटन, बास्केटबॉल हेतु 27 से 31 दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर क्रमशः माधवराव सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल रायपुर, पुलिस लाईन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में जारी है।

### सीनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए मनीष-आदित्य चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सीनियर हैंडबॉल पुरुष टीम में महासमुंद जिले से के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया. महासमुन्द हैंडबाल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में मनीष चंद्राकर और आदित्य चंद्राकर दोनों राष्ट्रीय कोचिंग कैंप भिलाई के पश्चात 53 वी राष्ट्रीय सीनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप कोट्टयम केरला में 26 से 29 दिसंबर तक जारी स्पर्धा के लिए चयनित हुए है। छत्तीसगढ़ सीनियर हैंडबॉल टीम के कोच व अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी एस कुणाल के नेतृत्व में टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला हैंडबॉल संघ के इस उपलब्धि हासिल करने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, बशीर अहमद खान छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ, अकरम खान सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, एम सुरेश कुमार अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच, समीर खान महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ, विजय बहादुर कोषाध्यक्ष, जिला संघ अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सुरेश क्रिस्टोफर सचिव जिला ओलंपिक संघ कोरबा, जितेंद्र तिवारी सचिव जिला ओलंपिक संघ जांजगीर ने हर्ष जताया है।



सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करता है फैटी लिवर, बचाव के करें उपाय

# फैटी लिवर बन रहा बड़ा खतरा, बचने के लिए सबसे जरूरी है इन बातों पर दें ध्यान

फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इससे लिवर फेलियर का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। पाचन में मदद करने के साथ रक्त में अधिकांश रासायनों के स्तर को नियंत्रित करने, पित्त नामक उत्पाद को उत्सर्जित करने और अपशिष्ट उत्पादों को फिल्टर करके शरीर से बाहर निकालने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से ही होकर गुजरता है। इतने महत्वपूर्ण कार्यों को समझने के बाद आप ये जान ही गए होंगे कि इस अंग का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। पर क्या आप लिवर की सेहत का सही से ध्यान रख रहे हैं? मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में फैटी लिवर बीमारी के मामले काफी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। आमतौर पर माना जाता रहा है कि जो लोग अधिक शराब पीते हैं उनमें इसका खतरा अधिक होता है पर शराब न पीने वाले भी इसका शिकार हो सकते हैं। लिवर में फैट बढ़ने के कारण कई गंभीर विकारों का खतरा भी हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहनी चाहिए। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### पहले जान लीजिए क्या है फैटी लिवर की समस्या?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इसमें लिवर में फैट की मात्रा बहुत अधिक बढ़ने लग जाती है। ये स्थिति लिवर के सामान्य कार्यों को बाधित करने वाली हो सकती है। लिवर में फैट की मात्रा अधिक हो जाने के कारण इंफ्लेमेशन का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर स्थितियों में इससे लिवर फेल होने और जान जाने तक का भी जोखिम हो सकता है। आइए जानते हैं कि आप इस खतरनाक स्थिति से कैसे बचे रह सकते हैं?



### वजन घटाना सबसे जरूरी

अध्ययनों में पाया गया है कि फैटी लिवर की समस्या के लिए वजन का अधिक होना प्रमुख कारण हो सकता है। अध्ययन से पता चला है कि शरीर का वजन 10% तक कम करने से लिवर की चर्बी, सूजन की समस्या और फैटी लिवर के कारण होने वाली अन्य दिक्कतें दूर हो सकती हैं। जामा इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 22 अध्ययनों की समीक्षा की। अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों का वजन कम था उन्हें भविष्य में इस बीमारी का खतरा भी कम था। वहीं फैटी लिवर के शिकार जिन लोगों ने अपने वजन को कम किया उनमें इस रोग के कारण होने वाली जटिलताएं भी कम हो गईं।



### लिवर की सेहत का रखें ख्याल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि आपके लिए मददगार हो सकती है। नियमित व्यायाम के साथ आहार पर ध्यान देना, हरी सब्जियों-फलों से भरपूर चीजें खाना और वसा वाली चीजों का सेवन कम करना न सिर्फ वजन घटाने में मददगार है साथ ही इससे लिवर की सेहत को भी ठीक रखा जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, कम उम्र से ही अगर वजन को नियंत्रित रखने पर ध्यान दे दिया जाए तो फैटी लिवर सहित कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों से भी बचे रह सकते हैं।

# सिर्फ 10 मिनट में तैयार हो जाएंगे ये व्यंजन, पार्टी के स्टार्टर में करें शामिल

नए साल पर अगर आप घर पर ही पार्टी प्लान कर रहे हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे व्यंजन बता रहे हैं, जिसे बनाने के लिए ज्यादा पैसे की भी जरूरत नहीं होगी और ये आसानी से बन भी जाएंगे।



### पाव भाजी फोंडू

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में मक्खन गर्म कर लें। टमाटर की प्यूरी डालकर हल्की आंच पर पका लें। फिर नमक और लाल मिर्च डालकर भूनें। जब उबाल आने लगे तो ककड़ी और गाजर डाल दें। अब कद्दूकस किया हुआ आलू, पाव भाजी मसाला और बचा हुआ सभी सामान डाल दें। जब सभी सब्जियां अच्छी तरह से पक जाएं, तो दूध डालकर ग्रेवी को पतला करें। ग्रेवी को पतली करने के बाद उबाल आने का इंतजार करें। इस दौरान पाव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और फिर स्टीक में लगाएं। गरमा-गरम भाजी के साथ सर्व करें।

### चीज बॉल्स

एक बाउल में मैदा को छान लें और गैस पर एक पैन को गर्म करने के लिए रख दें। जब पैन गर्म हो जाए तो हल्की आंच कर दें और मैदा डालकर लगातार चलाते हुए भुन लें, खुशबू आने लगे तो गैस बंद कर दें। इसके बाद एक दूध डालें और फिर चीज, हरी मिर्च का पेस्ट, नमक और बेकिंग सोडा डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट इतना गाढ़ा हो कि बाल्स आसानी से बन जाएं। अगर आप चाहें तो इसमें चावल का आटा भी मिक्स कर सकते हैं।सारी बॉल्स बनाने के बाद गैस पर कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। फिर बॉल्स को डालकर फ्राई करें और एक प्लेट में निकाल लें। बस आपकी चीज बॉल्स बनकर तैयार हैं, जिसे सॉस के साथ सर्व किया जा सकता है।

### मिंट पी क्रोस्टिनी

इस स्नैक्स को बनाना बहुत ही आसान है। ब्रेड के किनारों को निकालकर चार टुकड़ों को काट लें। फिर बटर लगाकर हल्की आंच पर तवे पर सेक लें। फिर एक जार में पुदीने के पत्ते, मटर, नमक और लाल मिर्च डालकर पेस्ट बनाएं। अब पेस्ट को एक कोन में फिल करें और ब्रेड के ऊपर रख दें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और पुदीने के पत्ते डालें सर्व करें।

# घर में इन पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ, दिखने लगेगा असर

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रहे हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं।

### घर में लगाएं इन दो पक्षियों की तस्वीर



ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अगर घर में आर्थिक समस्या चल रही है और लगातार कर्ज लेने की स्थिति बन रही है, तो यह वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए आप घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर लगा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में इन दोनों पक्षियों की फोटो घर में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। मोर माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। वहीं, नीलकंठ माता दुर्गा का प्रतीक है। इन दो पक्षियों की तस्वीर घर में रखने से आर्थिक संकट दूर होते हैं। इसके साथ ही वास्तु दोषों से भी छुटकारा मिल सकता है। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### किस दिशा पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ?

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, नीलकंठ की तस्वीर को हमेशा प्रवेश द्वार पर या घर की पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि आती है। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ घर की परेशानी भी दूर हो सकती है। अगर आप घर से निकलते वक्त नीलकंठ या मोर की तस्वीर देखते हैं, तो सभी कार्य पूर्ण होंगे। जॉब की तलाश में जा रहे हैं तो इसे देखने से शुभ परिणाम मिल सकते हैं। ज्योतिष आचार्य ने बताया कि अगर घर में वास्तु दोष हो तो इससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती है, जैसे घर-परिवार में कलेश बढ़ना, आर्थिक समस्या उत्पन्न होना, घर में रोग-बीमारी का दस्तक देना आदि। ये सारी परेशानियां वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं।

# अपनों को गिफ्ट में भूलकर भी न दें ये चीजें, पड़ सकती है रिश्तों में दरार



किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें।

कुछ ही दिनों बाद साल 2024 खत्म होने वाला है और साल 2025 का आगाज हो जाएगा। नए साल के आते ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो जाता है। साथ ही लोग नए साल पर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को उपहार भी देते हैं। किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें। दरअसल, ज्योतिष के जानकारों का मानना है कि कुछ चीजों को कभी भी उपहार के रूप में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से धिरे-धिरे रिश्ते की मिठास कम होने लगती है। तो चलिए जानते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं जिन्हें नए साल पर किसी को गिफ्ट में नहीं देना चाहिए...

### जूते-चप्पल

कभी किसी को उपहार के रूप में जूते या चप्पल नहीं देना चाहिए क्योंकि जूते चप्पल दरिद्रता का प्रतीक माने जाते हैं। ये चीजें गिफ्ट में देने से दरिद्रता कभी पीछा नहीं छोड़ती है।

### घड़ी और रुमाल

यदि आप नए साल के अवसर पर घड़ी या रुमाल गिफ्ट में देना चाहते हैं तो ऐसा बिल्कुल भी न करें। ऐसी मान्यता है कि रुमाल देने से नकारात्मकता बढ़ती है और रिश्तो में गलतफहमी पैदा होती है। वहीं किसी को घड़ी देने से अच्छा समय भी खराब होने लगता है।

### नुकीली चीज

किसी को गिफ्ट देते समय ध्यान रखें कि उसमें कोई भी नुकीली चीज ना हो। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार नुकीली चीज गिफ्ट में देने से रिश्तों में धोखा मिलता है। वहीं आपको भी ऐसी चीजें उपहार में मिलें तो इन्हें किसी को दान दे दें। भूल से भी अपने पास न रखें।

### पर्स या बैग

पर्स या बैग भी किसी को उपहार में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

देवी-देवताओं की मूर्तियां

भगवान की मूर्तियां किसी को उपहार में देने से बचना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो भगवान आपसे नाराज हो सकते हैं।

### मनी प्लांट


कभी भी किसी को मनी प्लांट उपहार में नहीं देना चाहिए और न ही किसी से लेना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको आर्थिक तंगी से जूझना पड़ सकता है।

कार्नर न्यूज

सेहत सबसे बड़ी पूंजी, इसे जरूर सहेजें

# चाहते हैं स्वस्थ और लंबी आयु तो नए साल में गांठ बांध लें कुछ खास बातें, रहेंगे चिंतामुक्त और सेहतमंद

साल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है, कुछ ही दिनों में हम 2025 में प्रवेश करने जा रहे है। इससे पहले अगर साल 2024 पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि ये पूरा साल हमारी सेहत के मामले में कई तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। पूरे साल कई प्रकार का संक्रामक बीमारियों, हृदय रोग, मच्छरजनित रोगों सहित कई बीमारियों ने समय-समय पर मुश्किलें बढ़ाईं। हम भले ही एक नए साल की तरफ बढ़ रहे हैं पर ये चुनौतियां अभी कम नहीं हुई हैं। इनका खतरा अब भी बना हुआ है। अध्ययनों से पता चलता है कि कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं, पर्यावरणीय दिक्कतों के कारण हमारी सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हुआ है, लिहाजा कम उम्र में ही लोग न सिर्फ गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, साथ ही मौत का खतरा भी बढ़ा है। इस दिशा में विशेष प्रयास की आवश्यकता है। अगर आप भी बीमारियों से बचाव करते हुए स्वस्थ और लंबी आयु चाहते हैं तो नए साल में कुछ विशेष सुधार की आवश्यकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।



### न्यू ईयर रेजोल्यूशन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए सबसे आवश्यक है कि हम सभी अपनी इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए प्रयास करें। ये सतत प्रक्रिया है जिसका मतलब है कि प्रतिरोधक क्षमता को निर्मित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम करने से आपकी जीवन प्रत्याशा बढ़ सकती है। लाइफस्टाइल में कुछ आवश्यक बदलाव करके आप लंबी आयु पा सकते हैं। कम उम्र से ही इसके लिए प्रयास शुरू कर देना आवश्यक है, ये आपके लिए न्यू ईयर रेजोल्यूशन भी है।

### आहार में प्लाट-बेस्ड चीजों-नट्स को करें शामिल

शोधकर्ता बताते हैं, फलों-सब्जियों, नट्स-सीड्स, साबुत अनाज और बीन्स जैसे विभिन्न प्रकार के पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बीमारी का खतरा कम हो सकता है और आप दीर्घायु होते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि प्लाट-बेस्ड आहार, समय से पहले मौत के जोखिम को कम करने के साथ कैंसर, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हृदय रोग, अवसाद जैसी बीमारियों से बचा सकते हैं।

इसी तरह आहार में नट्स को जरूर शामिल करें। ये प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग प्रति सप्ताह कम से कम 3 बार नट्स का सेवन करते हैं, उनमें समय से पहले मृत्यु का जोखिम 39% कम होता है।



### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें

इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से आप स्वस्थ रह सकते हैं और आयु भी बढ़ती है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम आपको दीर्घायु बनाने के लिए लाभकारी है। इससे समय से पहले मृत्यु का जोखिम भी 4% कम हो सकता है। अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि व्यायाम करने वाले 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में शीघ्र मृत्यु का जोखिम 22 फीसदी तक कम देखा गया है।

### धूम्रपान-शराब से बिल्कुल दूरी

धूम्रपान न सिर्फ कई प्रकार की गंभीर बीमारियों को बढ़ाता है, ये समय से पहले मृत्यु का कारक भी है। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वालों में समय से पहले मरने की आशंका तीन गुना अधिक हो सकती है। समीक्षा अध्ययन में पाया गया है कि 40 साल की उम्र से पहले तंबाकू छोड़ने से इसके कारण होने वाली मृत्यु जोखिमों को कम किया जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्ट्रेस-सिंगर सेलिना ने साझा किए बॉयफ्रेंड संग रोमांटिक पल, सगाई के बाद हैं खुश



साल के आखिर में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में सेलिब्रिटी वैकेशन मनाते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में हॉलीवुड सिंगर, एक्ट्रेस सेलिना गोमेज ने भी अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ छुट्टियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सेलिना गोमेज हॉलीवुड में बहुत फेमस हैं, उनकी इंडियन फैंस की तादाद भी काफी ज्यादा है। वह सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर साझा करती है तो फैंस लाखों में व्यूज और लाइक्स देते हैं। हाल ही में सेलिना ने अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, इसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

सेलिना ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर बेनी ब्लैंको के साथ वैकेशन की कुछ प्यारी तस्वीर साझा की है। इनमें वह बेनी को लिप किस करती हुई नजर आई। दोनों का यह रोमांस देखकर, फैंस ने खूब कमेंट्स भी किए। इस जोड़े की यह प्यार भरी तस्वीर फैंस को खूब पसंद आई। सेलिना और बेनी ब्लैंको लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। हाल ही में दोनों ने सगाई भी की है। हो सकता है कि जल्द ही यह हॉलीवुड कपल शादी भी कर ले। बेनी भी हॉलीवुड में बतौर सॉन्ग राइटर एक्टिव हैं। वह कई हॉलीवुड फिल्मों के लिए काम कर चुके हैं। बेनी बतौर प्रोड्यूसर भी हॉलीवुड में काम करते हैं। सेलिना पहली बार किसी के प्यार में नहीं है। सालों पहले सिंगर जस्टिन बीबर के साथ भी उनका रिलेशनशिप चर्चा में रहा। लेकिन आगे चलकर इनका ब्रेकअप हो गया। जस्टिन ने किसी और से शादी कर ली और वह एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### टॉलीवुड

## वेत्रिमारन की फिल्म 'वादिवासल' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार सूर्या



निर्देशक वेत्रिमारन ने 'विदुथलाई भाग 2' का काम पूरा कर लिया है। फिल्म रिलीज भी हो चुकी है। ऐसे में संभावना है कि फिल्म निर्माता जल्द ही सूर्या अभिनीत फिल्म वादिवासल पर काम शुरू करेंगे। सूर्या और निर्देशक वेत्रिमारन की बहुप्रतीक्षित परियोजना 'वादिवासल' का इंतजार प्रशंसक कई वर्षों से कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माता ने हाल ही में दिए साक्षात्कार में इस फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारियां साझा कीं। फिल्म के निर्माता ने वादिवासल पर चर्चा करते हुए कहा कि सूर्या शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। पहले निर्देशक 'विदुथलाई भाग 2' के निर्माण में व्यस्त थे। वह फिल्म अब रिलीज हो गई है। इसके अलावा निर्माता ने बताया कि इस दौरान फिल्म पर काम लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म का एक अहम हिस्सा एनिमेट्रोनिक बैल लंदन में अपने आखिरी स्टेज पर है, जिससे यह संभावना है कि फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। कुछ समय पहले सूर्या की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वादिवासल' की घोषणा की गई थी। वेत्रिमारन द्वारा निर्देशित यह फिल्म तमिलनाडु में बैलों को काबू में करने के त्योहार की कहानी पर आधारित है, जो बदले की कहानी भी पेश करेगी। कहानी कथित तौर पर पिच्ची और मरुदन पर केंद्रित है, जो पेरियापट्टी गांव में वार्षिक बैल-वशीकरण उत्सव में भाग लेते हैं। दोनों का लक्ष्य एक क्रूर बैल को वश में करना है, जिसने अतीत में पिच्ची के पिता को हराया था, जिससे बदला लेने वाली कहानी की शुरुआत होती है। चूंकि फिल्म काफी समय से प्री-प्रोडक्शन स्टेज में थी, इसलिए रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इसे शायद रोक दिया गया है। हालांकि, निर्देशक ने खुद 2024 में मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि फिल्म को रोका नहीं गया है, बल्कि उनकी अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण इसे टाल दिया गया है।

### भोजपुरी

## धमाल मचाने वाला गाना 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' हुआ रिलीज



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में नया गाना 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' रिलीज हुआ। खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव के स्वैग इस गाने में खूब नजर आ रहा है। इस गाने के बोल रवि यादव ने लिखे हैं और संगीत विकी वॉक्स ने तैयार किया है। गोल्डी जयसवाल और सनी की कोरियोग्राफी ने गाने में शानदार डांस मूव्स जोड़े हैं।

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाला एक नए गाने 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' ने दस्तक मारी है। रिलीज होते ही ये गाना दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गया है। इस गाने में दो यूथ आइकॉन खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव का स्वैग खूब दिख रहा है, जहां खुशी कक्कड़ ने अपनी सुरीली आवाज से गाने को खास बना दिया है, वहीं माही श्रीवास्तव का जबरदस्त परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रेजेंस इसे और भी दिलचस्प बना रहा है। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है और इसके आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। दर्शक न केवल गाने की धुन और बोल की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव की जोड़ी को भी खूब सराह रहे हैं। माही श्रीवास्तव ने गाने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, 'हमके देखेला दुश्मन जैसे एक ऐसा गाना है, जो हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देगा।

## लंदन फैशन वीक की तैयारी

लंदन फैशन वीक का दुनिया भर के फैशन के प्रशंसकों और विशेषज्ञों को इंतजार रहता है। साल 2025 में होने वाले आयोजन के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। डिजाइनर नेन्सी डोजाका नारीत्व और सशक्तीकरण के अपने खास मिश्रण को यहां पेश करेंगी। इसमें कैल्विन क्लेन के साथ उनके शो का दर्शकों को इंतजार रहेगा।



लाइफ स्टाइल

## सफेद मोजे नीचे से हो गए हैं काले तो करें ये उपाय



सफेद मोजे को धोने में हर कोई परेशान हो जाता है, क्योंकि इनके तलवों के जिद्दी दाग आसानी से जाते नहीं है। अगर आप उन्हें रगड़ेंगे या फिर ब्रश का प्रयोग करेंगे, तो मोजे खराब हो सकते हैं। ऐसे में लोग सफेद मोजो पर लगे काले निशान साफ नहीं कर पाते और वह कुछ टाइम प्रयोग करने के बाद फेंक देते हैं। सफेद मोजों पर नीचे की तरफ लगे काले निशान को साफ करने के लिए आप बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसकी मदद से दाग आसानी से निकल जाएंगे। लेकिन इससे साफ करने से पहले आपको गंदे मोजों को 2 घंटे तक पानी में भिगो कर रखना होगा। इस प्रोसेस को करने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में दो चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी में डिटर्जेंट पाउडर मिलाकर, 2 घंटे के लिए गंदे मोजों को भीगे रहने के लिए छोड़ दें। इसके बाद जब आप इन मोजों को हाथ से हल्के हाथ से रगड़ेंगे, तो आप देखेंगे कि मोजों से दाग आसानी से उतरने लगा है। अगर पूरी तरह से दाग नहीं उतरता है, तो फिर आप मोजों को सिरके के पानी में भी भिगो कर रख सकती हैं। यकीन मानिए इस प्रोसेस को करने के बाद दाग आसानी से छूट जाएंगे।

साथ ही, मोजे चमकदार और मुलायम भी लगेंगे। तलवों पर लगे दाग को साफ करने के लिए नींबू का प्रयोग करना सबसे आसान है। इसके लिए आपको सबसे पहले एक बर्तन में 2 से 3 ग्लास पानी गर्म करना है। आप उतना पानी गर्म करें, जिसमें मोजे आसानी से धुल जाएं। अब आप 3 नींबू को काटकर इसके रस को पानी में डाल दें। इसके साथ आप बर्तन धोने के लिक्विड की 6 से 7 बूंदे इसमें डालें। अब मोजों को इस गर्म पानी के घोल में 20 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद आप मोजों को पानी से निकालें और हल्के हाथों से रगड़ें। ऐसा करने पर आप देखेंगे कि मोजों के तलवे बिल्कुल चमकने लगे हैं।

## पार्टी में स्टाइल करें ये वेस्टर्न आउटफिट्स, लगेंगी बेहद खूबसूरत



फैशन

न्यू ईयर पार्टी के लिए हर कोई रेडी है। कई सारे ऑफिस ऐसे होते हैं जहां पार्टी रखी जाती हैं। वहां पर हर कोई अच्छे से ड्रेस होकर आता है ताकि वो खूबसूरत दिख सके। खासकर लड़कियां क्योंकि वो साल की आखिरी पार्टी में सबसे सुंदर दिखने के लिए पहले से ही आउटफिट प्लानिंग करती रहती हैं। लेकिन इसके बाद भी क्या स्टाइल किया जाए इस बात को लेकर हमेशा कंन्फ्यूज रहती हैं। इसी कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए आप यहां बताए गए आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएगी।



व्हाइट पैंट सूट करें स्टाइल

अगर आपको पार्टी में थोड़ा प्रोफेशनल लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए बेस्ट है कि आप व्हाइट पैंट सूट स्टाइल करें। जैसा इस फोटो में हिना खान ने वियर किया है। इसमें वो काफी सुंदर लग रही हैं। इसे Boutiquobysaachi द्वारा डिजाइन किया गया है। आप मार्केट से इस तरीके के आउटफिट्स खरीदकर ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं और परफेक लग सकती हैं। इसके साथ पर्ल डिजाइन वाले इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप से लुक को परफेक्ट तरीके से कंप्लीट कर सकती हैं।

### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कम्फर्टेबल दिखना है तो इसके लिए आप पार्टी में जंपसूट वियर कर सकती हैं। इसमें काफी अच्छे डिजाइन (ओवरसाइज आउटफिट स्टाइल करने का तरीका) मिल जाते हैं। दिया मिर्जा ने भी इस फोटो में जंप सूट को वियर किया हुआ है जो गोल्डन कलर का है और प्रिंट वर्क हुआ है। इस जंपसूट को Ritu Kumar द्वारा डिजाइन किया गया है। आप भी इस तरह के जंपसूट को ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

अगर आपको कुछ नए ट्रेंड के आउटफिट को स्टाइल करने का मन है तो इसके लिए आप लॉन्ग गाउन को स्टाइल कर (आउटफिट स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इसें आजकल आपको ज्यादा प्लीट्स वाले गाउन मिलेंगे। जिसे आप पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसके साथ ज्वेलरी भी एड कर सकती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए हील्स और स्लीक ओपन हेयर स्टाइल।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क



अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा। आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है।इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा। टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें बूट्स, दिखेंगी खूबसूरत



पार्टी में जाना हर किसी को पसंद होता है। इसलिए लोग पहले से ही इस चीज की प्लानिंग करते रहते हैं। किसी को अपने लिए अच्छी ड्रेस खरीदनी होती है तो किसी को जरूरत होती है कम्फर्टेबल फुटवियर की इसलिए वो ड्रेस के साथ पहनने के लिए अलग-अलग डिजाइन के फुटवियर को लेते हैं। लेकिन जब बात आती है पार्टी की तो इसके लिए हमें कुछ तो स्टाइलिश लेना पड़ेगा। इसके लिए आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। ये हर एक ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं और सर्दियों के लिए बेस्ट होते हैं।

### जींस के साथ स्टाइल करें बूट्स

पार्टी में कई सारी लड़कियां होती हैं जो जींस और टॉप वियर करना पसंद करते हैं। इसके साथ भी आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसके लिए लॉन्ग या शॉट दोनों तरह के बूट्स को खरीदें और स्टाइल करें। इसमें आपको अलग-अलग कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे। जिसे आप जींस के कलर से मैच करके वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको ये बूट्स 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### ड्रेस के साथ स्टाइल करें बूट्स

ड्रेस के साथ भी बूट्स अच्छे लगते हैं इसलिए आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं। इससे लुक और ज्यादा (फुटवियर डिजाइन) स्टाइलिश लगता है। लेकिन ड्रेस के नीचे पहनने के लिए आप हमेशा लॉन्ग बूट्स को खरीदें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसको पहनने से पहले आप गर्म स्टॉकिंस पहन सकती हैं फिर बूट्स स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### अधिकतर दूल्हों से हो जाती हैं कुछ गलतियां, टिप्स जानना जरूरी

## दूल्हा बन रहे हैं तो कीजिए कुछ खास तैयारी इन फैशन मिस्टेक से जरूर बच कर रहिए

*इन दिनों खरमास चल रहा है और शादियों के मुहुर्त फरवरी में शुरू होंगे लेकिन तैयारियां जोरों पर है। विंटर वेडिंग फैशन मिस्टेक करने वाले शादी के महंगे कपड़ों में भी स्टाइलिश नहीं दिख पाते। फैशन मिस्टेक के कारण उनका वेडिंग लुक बिगड़ जाता है, जबकि लड़कियां (दुल्हन) इन बातों का ख्याल रखती हैं।इस वजह से केवल लुक ही नहीं बिगड़ता बल्कि ठंड भी लगने लगती है, जिससे कई बार शादी का मजा किरकिरा हो जाता है। फिर ठंड में जैसे-तैसे शादी की रस्म निभानी पड़ती है। इसलिए हम यहां पर विंटर वेडिंग फैशन से जुड़ी कुछ खास बातें बता रहे है।*



### गलत फैब्रिक की वेडिंग ड्रेस

कपड़े हमेशा सीजन के हिसाब से खरीदने चाहिए। हर मौसम के अनुसार फैब्रिक पहनना चाहिए। जैसे- गर्मी के मौसम में कॉटन के कपड़े। मगर कई लड़के सर्दी के मौसम में भी फैब्रिक की पहचान किए बगैर ही कपड़े खरीद लेते हैं। इस वजह से उनको परेशानी होती है। जैसे- ठंड लगना, अनकंफर्ट फील करना आदि।

इसलिए सर्दी के मौसम में शादी करने वाले लड़कों को अपने लिए हल्के वुलेन, नायलॉन, पॉलिस्टर जैसे फैब्रिक के बनी ड्रेस पहननी चाहिए। लेकिन कई लोग इस बात को भूलकर केवल डिजाइन और स्टाइल का ध्यान रखकर ही ड्रेस खरीद लेते हैं। इससे उनका लुक भी बिगड़ जाता है। वेडिंग ड्रेस की शॉपिंग करते वक्त इन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### गलत डिजाइन की वेडिंग ड्रेस

हर मौसम के हिसाब से कपड़े बनाए जाते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में हमें कुछ बातों का ख्याल रखकर कपड़े पहनने चाहिए। जैसे- ठंड के मौसम में धोती-कुर्ते की बजाय वेस्टर्न ड्रेस, शेरवानी आदि पहनें।

धोती-कुर्ते में सर्दी अधिक लगती है। साथ ही इसके अंदर पहने जाने वाले गर्म कपड़े भी नजर आने लगते हैं। इस वजह से हमें सही डिजाइन की ड्रेस पहननी चाहिए। मगर इस बात का ध्यान भी अधिकतर लड़के नहीं रखते हैं।

### अधिक गर्म कपड़े पहनना



कई लोग गलत डिजाइन और फैब्रिक की ड्रेस खरीद लेते हैं। इस वजह से वे सर्दी से बचने के लिए अंदर ऊनी कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में शरीर फूला हुआ दिखाई देता है। सर्दी से बचने के कारण यह बात उनको नजर नहीं आती लेकिन गेस्ट इस बात को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं। इससे बेहतर होगा कि अच्छी क्वालिटी के थर्मल पहनें।